हरिभूमि
# रायपुर भूमि






खास खबर

आमापारा और पंडरी रोड में लंबा जाम

## राजधानी की सड़कों पर अब त्योहारी जाम, दुकानों ने वाहनों की गति रोकी

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** शहर के कई प्रमुख इलाकों में होली सामग्री की दुकानों के कारण अब जाम की स्थिति बनने लगी है। मंगलवार को सड़कों पर लगी होली की दुकानों के कारण आमापारा और पंडरी में करीब आधे घंटे तक लंबा जाम देखने को मिला। इसके कारण ट्रैफिक पुलिस को सोशल मीडिया में इन मार्गों की जगह वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने के लिए एडवाइजरी भी जारी करनी पड़ी। ▶▶शेष पेज 15 पर



### आमापारा में आधे घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा

आमापारा मार्ग पर देर शाम करीब 7 बजे बजे से ट्रैफिक जाम लगा रहा। आमापारा चौक में सड़क पर होली सहित अन्य सामग्री की दुकानें लग गई हैं, जिसके कारण यहां सैकड़ों गाड़ियों की कतारें लग गईं। इससे यहां करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति रही। इधर जाम लगने की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक जाम को क्लीयर करने लिए भेजा गया। ट्रैफिक क्लीयर करने में पुलिस कर्मियों को करीब आधा घंटा लग गया। हालांकि इसके बाद भी इस मार्ग पर गाड़ियों का आवागमन काफी धीमे रहा।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुकेश वर्मा उर्फ बरहा, प्रकाश देवांगन तथा शत्रुघ्न सिन्हा शामिल हैं। ये तीनों अमरपुरी पुरानी बस्ती के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से क्रमशः देशी प्लेन 33 पौवा कीमत 2970 रुपए, देसी मसाला 31 पौवा कीमत 3410 रुपए एवं देशी मसाला 12 पौवा कीमत 1320 रुपए कुल 13.680 लीटर शराब जब्त की है। इस शराब की कुल कीमत 7700 रुपए है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर का बैग पार

**रायपुर।** पंडरी जिला अस्पताल में कोई अज्ञात चोर एक महिला डाक्टर का बैग पार कर दिया, जिसमें एप्पल कंपनी का टेबलेट, नकदी 1500 एवं कागजात रखे हुए थे। घटना 11 मार्च को सुबह 10.30 से 11 बजे के बीच की है। प्रार्थिया डॉ. आयुषी गोयल ने इसकी रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ढाई साल में छत्तीसगढ़, झारखंड की 10 जेलों में रह चुका था अमन

# अमन जेल से ही चलाता था गैंग, जलवा इतना कि फोटोसेशन भी करवाता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गैंगस्टर अमन इतना कुख्यात था कि उसे जिस जेल में रखा जाता था, उसी जेल में रहते हुए वह अपने गैंग को ऑपरेट करना शुरू कर देता था। इसी कारण से अमन को झारखंड की अलग-अलग जेल में भी शिफ्ट किया जाता रहा है। उसका गिरोह रांची के साथ रामगढ़, चतरा, धनबाद, हजारीबाग, पलामू, लातेहार और बोकारो में रंगदारी मांगने के लिए सक्रिय है। जेल में बंद रहते हुए वह कोल माइनिंग कंपनियों, कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्टर, बिल्डर, ठेकेदार और कारोबारियों को रंगदारी के लिए टारगेट करता था तथा अपने शूटरों को भेजकर पहले फायरिंग कर उन्हें डराता था। इसके बाद अगर कोई रकम देने के लिए तैयार नहीं होता, तो उसे जान से भी मार दिया जाता था। ▶▶शेष पेज 15 पर

- झारखंड से छत्तीसगढ़ में रंगदारी करता था वसूल


फाइल फोटो

### इन जेलों में रह चुका है अमन

अमन पिछले ढाई साल में अलग-अलग 10 जेल की हवा खा चुका था। पहली बार उसे 29 अक्टूबर 2021 को गिरफ्तार कर रांची के पाकुड़ जेल में रखा गया था। इसके बाद 13 अप्रैल 2023 को गिरीडीह जेल, 17 सितंबर 2022 को पलामू जेल, 24 नवंबर 2024 को दुमका जेल, 19 अगस्त 2023 को चाईबासा जेल, 11 अक्टूबर 2023 को पलामू जेल, 20 जून 2024 को गिरीडीह जेल, 21 जुलाई 2024 को चाईबासा जेल, 14 अक्टूबर 2024 को पुलिस रिमांड पर रायपुर। इसके बाद से वह न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल में बंद था।

### जेल में अमन ने बनाई रील, सुरक्षा पर उठे सवाल

ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाने के बाद से अमन रायपुर सेंट्रल जेल में ही बंद था। इस तरह वह 148 दिनों तक रायपुर जेल में रहा है। अमन रायपुर जेल में भी टशन के साथ रहा है। जेल में रहते हुए ही उसने अपनी रील बनाई है, जो सोशल मीडिया में अब वायरल हो रही हैं। ये रील 19 अक्टूबर 2024 को बनी है, ऐसी जानकारी आ रही है। इस रील में अमन जेल के सेल में अलग-अलग पोज में फोटो शूट करता दिखाई दे रहा है। अमन की इस रील के वायरल होने से जेल प्रशासन की सुरक्षा पर भी सवाल उठने लगे हैं कि आखिर जेल में रहते हुए अमन ने फोटो शूट किससे और कैसे कराया है।

### छत्तीसगढ़ में इन वारदातों को दिया गया था अंजाम

अमन गिरोह के शूटर छत्तीसगढ़ में भी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इनमें एक घटना कोरबा शहर की है। 30 सितंबर 2022 को टीपी नगर कोरबा ऑफिस के बाहर हेलमेट पहने बाइक सवार युवकों ने एक कारोबारी को डराने के लिए फायरिंग की और ऑफिस के बाहर पर्चा फेंका था। इस पर्चे में लिखा था कि कारोबार करने के लिए अमन गैंग से लेनदेन करना होगा। इसी प्रकार दूसरी वारदात को रायपुर के तेलीबांधा इलाके में अंजाम दिया गया। 11 फरवरी 2023 को आरकेटीसी के शंकर नगर सेक्टर-2 ऑफिस के सामने हेलमेट पहने बाइक सवार दो युवक फायरिंग कर फरार हो गए थे। तीसरी घटना 23 जून 2023 अनुपम नगर के पास की है। करिश्मा अपार्टमेंट में इंद्रमणी कोल कंपनी के कारोबारी के फ्लैट पर फायरिंग की गई थी। गोली बालकनी में लगे कांच को छेद करते हुए अंदर जाकर गिरी थी।

### 17 मार्च को विशेष न्यायालय में होगी बहस

# रानू-सौम्या, सूर्यकांत माया और मनोज की न्यायिक रिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

निलंबित आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है। सभी को ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट ने 19 मार्च तक के लिए जेल भेज दिया है। इन सभी को विशेष न्यायालय में मंगलवार को पेश किया गया। ईओडब्ल्यू के उपसंचालक अभियोजन ने बताया कि डीएमएफ घोटाले की जांच चल रही है। पूछताछ करने के बाद सभी को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

- 19 मार्च तक भेजे गए जेल
- ईओडब्ल्यू ने सभी को स्पेशल कोर्ट में किया पेश

कोर्ट में पक्ष रखा गया कि रिमांड अवधि पूरी होने पर पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। इस पक्ष को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने सभी को 8 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

### सौम्या-सूर्यकांत की जमानत पर 17 को बहस

राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया और कारोबारी सूर्यकांत के वकील द्वारा दोनों के जमानत के लिए अर्जी लगाई गई है।

इस अर्जी पर 17 मार्च को विशेष न्यायालय में बहस होगी। आवेदन में दोनों ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा कि डीएमएफ घोटाले से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्हें परेशान करने के लिए झूठे प्रकरण में फंसाया गया है। इस प्रकरण में आज तक किसी भी तरह की संलिप्ता नहीं मिली है। इस आवेदन पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश अपना फैसला सुनाएंगे।



## खबर संक्षेप



### नेहा को राज्य युवा कवि सम्मान से किया सम्मानित

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ मित्र, छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान और जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान के द्वारा 9 मार्च को रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अभनपुर की नेहा शर्मा को राज्य युवा कवि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आईपीएस डॉ. रतनलाल डांगी, कुलपति मैट्स विश्वविद्यालय केपी यादव, आईएएस इंदिरा मिश्र, व्यंग्यकार गिरीश पंकज, पूर्व आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को डॉ. सुधीर शर्मा द्वारा आयोजित किया गया तथा सीमा निगम द्वारा संचालित किया गया था।

### लोधीपारा में होली मिलन समारोह आज

**आरंग।** लोधी पारा आरंग में 12 मार्च को होली मिलन समारोह फाग उत्सव एवं पारंपरिक डण्डा नृत्य का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, अतिविशिष्ट अतिथि श्याम कुमार नारंग भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, अध्यक्षता डॉ. संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका आरंग, विशिष्ट अतिथि के.के. भारद्वाज वरिष्ठ भाजपा नेता, देवनाथ साहू आरंग मण्डल अध्यक्ष के साथ पार्षदगण शामिल होंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक डंडा नृत्य शाम 5:30 बजे व होली मिलन एवं फाग शाम 07 बजे से होगा।

### कुटेला में श्री शिव महापुराण कथा 20 से

**आरंग।** ग्राम कुटेला (कुरुद) में 20 से 28 मार्च तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें कथा व्यास पं. पंकज तिवारी महासमुंद (साराडीह) वाले होंगे। कथा में 20 मार्च को गणेश पंचांग पूजन, जलयात्र मंगल महात्म्य, 21 को नारद मोह, सृष्टि विस्तार वर्णन, 22 को सती चरित्र शिव विवाहोत्सव, 23 को स्कंध प्रादुर्भाव, गणेश उत्पत्ति, 24 को शिवजी के विविध अवतार, 25 को ज्योतिलिंग्ं, प्रागट्य कथा 26 को सूर्य वंशानुचरित्र, 27 को मां जगदम्बा भगवती महिमा, चढ़ौतरी, शोभायात्र, 28 को पुराण महिमा हवन, स्नान, महाप्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा का समय दोपहर 02 बजे से संध्या 05 बजे तक है।

### होलिका दहन 13 को

**आरंग।** नगर में हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन व रंगों का त्योहार होली उत्सव मनाया जाता है। आरंग राजपुरोहित की अगवानी में नगर के राज गौटिया, राज बैगा के सानिध्य में गणमान्यजनों सहित होलिका दहन कार्यक्रम होता चला आया है। वहीं होलिका दहन 13 मार्च को होगा। राजपुरोहित रामसहाय शर्मा (भोला महाराज) के ब्रम्हलीन होने के पश्चात इस वर्ष उनके पौत्र राजपुरोहित प्रतिनिधि अविनाश शर्मा की अगवानी में परशुराम पुरोहित परिषद के पुरोहितों द्वारा यह कार्य संपन्न किया जाएगा। यह यात्रा ग्राम देवता ब्रह्मदेव मंदिर (बरम बाबा) से आरम्भ होकर नगर के मुख्य पांच स्थानों में परंपरानुगत होलिका दहन होगा।

दिवस : महिलाओं को अधिकार देने के साथ आत्मनिर्भर बनाना है

# समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अमूल्य: लक्षवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर



उपतहसील परिक्षेत्र सतनामी समाज खोरपा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से नेहा मनमोहन कुर्रे को अध्यक्ष, रूपा कोसरिया व नीता चेलक उपाध्यक्ष, यमुना टंडन सचिव, सरस्वती बघेल सहसचिव, नूतन टंडन कोषाध्यक्ष, संतोषी बंजारे प्रचार प्रसार सचिव, कुन्ती बांधे महासचिव एवं शकुन्तला बांधे संरक्षक चुना गया। सभी मनोनीत पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को परिक्षेत्र पदाधिकारी अध्यक्ष लक्षवीर बांधे, उपाध्यक्ष मनमोहन कुर्रे, सचिव जितेंद्र कुर्रे, संरक्षक पीएल गहिरवारे, मोहन बंजारे द्वारा शपथ ग्रहण दिलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पदाधिकारीयों ने समाज के विकास लिए महिलाओं की सहभागिता के बारे में बताते कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अमूल्य है वे मां, बहन,बेटी और पत्नी के रूप में एक तरफ परिवार संजोती है तो दूसरी तरफ शिक्षक, डॉक्टर, वैज्ञानिक, सैनिक, नेता, उद्यमी बनकर राष्ट्र के विकास मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अधिकार देना नहीं है बल्कि उन्हे आत्मनिर्भर बनाना है।

इस दौरान परिक्षेत्र के सुरेखा ओगरे, रामकुमारी गायकवाड़, सुनीता लक्षवीर बांधे, थनेश्वरी जांगड़े, बीना जांगड़े, सुनीता जांगड़े, गुंजा बंजारे, गीता मुकेश गायकवाड़, अमरीका कोसरिया, दुर्गेश्वरी चतुर्वेदी, ललिता सोनवानी, अन्नु नारंग, भोजबाई डहरिया, उमेश्वरी रात्रे व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अदाणी फाउंडेशन ने 120 महिलाओं को किया सम्मानित



**तिल्दा नेवरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति, समानता और आत्मनिर्भरता का उत्सव है, जो पूरे विश्व में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जिससे उन्हें नए अवसरों की ओर अग्रसर किया जा सके। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन और अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर द्वारा ग्राम तिल्दा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर 120 महिलाओं को सम्मानित किया, जिनमें 22 महिलाएं सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी विभाग से तथा अदाणी महिला क्लब की अन्य सदस्य शामिल थीं। यह सम्मान उनके द्वारा समाज और संगठन के विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।
कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर संचालित रिपा गारमेंट सेंटर की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिससे वहां मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता वैद्य तथा विशिष्ट अतिथि श्रीकांत वैद्य, स्टेशन हेड, अदाणी पावर लिमिटेड सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इस मौके पर सुनीता वैद्य ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## कैनाल रोड पर भारी वाहनों के आवागमन से नगरवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के पास स्थित नगर पालिका मंदिर हसौद कुरुद स्थित कैनाल रोड पर लगातार भारी वाहन जैसे ट्रक हाईवे के आवागमन से उड़ने वाले धूल टेस्ट से कैनाल रोड पर स्थित नगर वासियों का जिना दुभर हो रहा है। वहीं नगर पालिका मंदिर हसौद कुरुद पर स्थित कैनाल रोड जोकी कुरूद से लेकर दरबा छतौना होते हुए राष्ट्रीय राजमार्गो को जोड़ता है। चूना पत्थर मुरूम खदानों से निकलने वाली वाहनें जो बिना पीटपास और ओवरलोडिंग की वाहनों की आवागमन होती है तथा टोल टैक्स से बचने के लिए भी छतौना से होकर कुरूद और रिंग रोड नंबर 3 को जोड़ता है। जहां टोल टैक्स बचाने के लिए वाहनों का परिवहन भी कैनाल रोड से करते है जिससे उड़ने वाले धुल से नगरवासीयों का दूभर हो गया है।

## भैंस जब्त करते ही जमा किया 1.16 लाख का टैक्स, 5 दुकानें सील

**रायपुर।** सोनडोंगरी में बकाएदार की डेयरी को सील कर भैंस जब्त करते ही डेयरी संचालक ने नगर निगम को तत्काल 1,16,225 रुपये जमा किया और शेष राशि अदा करने 31 मार्च तक का समय लिया। वहीं जोन 1 के वीर शिवाजी वार्ड में 2 दुकानें सीलबंद करने पर बकायादारों ने तत्काल 1,62,492 रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बाद दुकानों से सीलबंदी हटा ली गई। नगर निगम का राजस्व अमला बकाया करदाताओं से राजस्व वसूली करने इन दिनों जोनवार अभियान चलाकर बड़े बकायादारों पर कड़ाई बरत रहा है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर दस जोन में राजस्व वसूली का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## बनचरौदा स्कूल में 5वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला बनचरौदा में ग्राम पंचायत द्वारा कक्षा 5वीं में अध्ययनरत बच्चों का परीक्षा पूर्व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का न्योता भोज एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का सामूहिक आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष रिंकू चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को सफलता के मंत्र दिए। मोहित चंद्राकर व ग्राम सरपंच द्वारा बच्चों को उपहार दिया गया। सभी प्रतिनिधियों ने सम्मान पश्चात बच्चों के साथ न्योता भोज किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कृष्ण कुमार साहू, सरपंच राजेश खुटे, उपसरपंच परसराम साहू, पंचगण आरती ध्रुव, हरिशंकर निशाद, द्रोपति साहू, रमा निषाद, पुरण ध्रुव, तुलाराम साहू, लक्ष्मी साहू, चुम्मन निषाद, राजेश्वरी चंद्राकर, शाला प्रबंधक व विकास समिति के अध्यक्ष परसराम साहू, उपाध्यक्ष कुलेश्वरी निषाद, नेमीचंद साहू, पवन पटेल, उमेन्द पटेल, मोहर ध्रुव, किरण साहू, द्विजबाई साहू, सरस्वती साहू, भुनेश्वरी ध्रुव, चंदा साहू, शिक्षकगण, प्रधानपाठक गोपीराम ध्रुव, दीपक दुबे, राजेन्द्र ओगरे, मुकेश साहू, योगेश साहू आदि उपस्थित थे।

## सरपंच नेहरू ने बच्चों को नेवता भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर



प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल उल्बा में नवनिर्वाचित सरपंच नेहरू लाल साहू ने बच्चों को नेवता भोज कराया। इस अवसर पर प्राथमिक स्कूल उल्बा में पांचवी कक्षा के बच्चों का विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच नेहरू लाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा की बच्चे देश का भविष्य है उनको सही दिशा देने का कार्य शिक्षकों के द्वारा किया जाता है। प्राथमिक स्कूल की पढ़ाई बच्चों के लिए नींव का पत्थर होता है जो मजबूत होने से आने वाला भविष्य उज्जवल होता है। इस वर्ष पांचवी एवं आठवीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न में होने से माता-पिता को अपने बच्चों को अत्यधिक परिश्रम कराना होगा। कार्यक्रम के दौरान पांचवी कक्षा से उत्तीर्ण पूर्व विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स, पेन -कापी एवं प्लेट देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान उपसरपंच सुशीला सोनवानी, प्रधान पाठक रुखमणी साहू, केपी साहू, सत्यनारायण उपाध्याय, अंबिका कोसले, किरण यादव, अनीता पांडे, सुनिता गायकवाड, दीवान मैडम, वृंदा ध्रुव, स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजा मोरध्वज मानस संगठन का होली मिलन



**आरंग।** नारायण वन हनुमान मंदिर आरंग मंगलवार को आरंग कौशल्या जिला मानस संघ से संबद्ध राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग आध्यात्मिक धार्मिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों ने होली मिलन समारोह मनाया। जिसमें आचार्य ने मंत्रेच्चार के साथ हनुमान जी का पूजा पाठ किया। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ भी किया गया। उपस्थित सदस्यों ने रंग गुलाल अर्पित करते हुए एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर मानस लोधी, सीताराम यादव, नरेंद्र द्विवेदी, अशोक साहू, परमानंद जलक्षत्री, अवध विश्वकर्मा, संतोष लोधी, विनोद गुप्ता, गैंदलाल धीवर, ओमकार विश्वकर्मा, धनुष धुरंधर, भुवन साहू, मनहरन साहू, पुरानिक हिरवानी, हीरालाल साहू, चांदनी निर्मलकर, सीता लोधी, पूजा यादव, जयंती विश्वकर्मा, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

### मोहदा में मेला कल लगेगा

**तरपोंगी।** महर्षि मार्कण्डेय की तपोभूमि मोहदेश्वर धाम मोहदा में 13 मार्च को रात्रि में विशाल मेला लगेगा। इसी दिन रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच रंग झरोखा दुष्यंत हरमुख कृत का कार्यक्रम रखा गया है।



### सण्डी में कक्षा 8वीं के बच्चों को दी विदाई

**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में मंगलवार को कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कक्षा 6वीं व 7वीं के बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सीएसी युवराम साहू ने किया। विदाई समारोह में शाला के वरिष्ठ शिक्षक पंड़ित छत्रधर दीवान, युवराम साहू, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक गणेशराम साहू, आरएस कुंजे, हेमंत चंद्राकर, गौतम कुर्रे, शिक्षिका त्रिवेणी धुरव, बिन्नी पटेल, रंजना धीवर सहित दर्शकगण व बड़ी संख्या में शाला के पूर्व छात्रगण उपस्थित थे। शिक्षकों ने सभी छात्रों कों सफलता के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासित रहने की प्रेरणा दी। इस आयोजन में बच्चों को खीर पुड़ी का वितरण किया गया।




महिला उपाध्यक्ष नहीं चाहते अधिकांश भाजपा पार्षद

# नगर पालिका उपाध्यक्ष का चुनाव कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



तिल्दा नेवरा नगर पालिका परिषद में 13 मार्च को उपाध्यक्ष पद का चुनाव होगा। जिसके लिए अभी भाजपा ने अपने अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। लेकिन महिला पार्षद को उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है जिसके लिए मंत्री टंक राम वर्मा व जिले के भाजपा पदाधिकारी की सहमति है। वहीं दूसरी तरफ अधिकांश भाजपा पार्षद इसके लिए सहमत नहीं हो रहे है, इनका कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष महिला है और अब उपाध्यक्ष भी महिला को ही बनाया जा रहा है जो पहली बार जीती है। अधिकांश भाजपा पार्षद नाराज बताए जा रहे है। वहीं निर्दलीय पार्षद बब्बन लालवानी भी उपाध्यक्ष की दौड़ में शामिल है, कांग्रेसी, निर्दलीय पार्षद सहित कुछ भाजपा के पार्षद भी उनके नाम पर सहमति जताई है ऐसा बताया जा रहा है। ऐसे में क्रास वोटिंग का डर भाजपा को सताए जा रही है। बता दे 22 वार्डो में 12 पर भाजपा, 5 पर कांग्रेस और 5 वार्डो पर निर्दलीय पार्षद विजई हुए है। उपाध्यक्ष पद पर महिला प्रत्याशी देने से भाजपा को डर है कि उनके पार्षद क्रॉस वोटिंग कर सकते है। वहीं पिछले चुनाव में 13 भाजपा के पार्षद, 6 कांग्रेसी पार्षद, 1 निर्दलीय एवं 2 जोगी कांग्रेस के पार्षद थे उसके बाद भी कांग्रेस का अध्यक्ष बन गया। भाजपा पार्षदों ने खुलकर क्रॉस वोटिंग को जिसमें भाजपा के कुछ जिला पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस का साथ दिया था। जमकर उच्च स्तरीय शिकायत के बाद भी किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई आज तक नहीं हो पाई, और अब वही लोग भाजपा पार्षदों को कारवाई का डर दिखा रहे है। अब देखना होगा 13 मार्च को उपाध्यक्ष पद का ताज किसके सिर होता है।



## 125 दिनों में राज्य को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सदन में बताया कि राज्य की औद्योगिक इकाइयों के अनुदान संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम की व्यवस्था की गयी है, जिसमें प्रकरणों का समयावधि में निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पिछली सरकार में बिना ठोस तैयारी के उद्योगों के साथ एमओयू कर दिये जाते थे,



जिससे राज्य को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता था। हमारी सरकार एमओयू के स्थान पर इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट जारी कर रही है। यह उन निवेशकों को दिया जाता है जो निवेशक हमारी औद्योगिक नीति एवं अनुदान प्रोत्साहन से प्रभावित होकर राज्य में निवेश करने की अभिरुचि लिखित में प्रस्तुत करते हैं। इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट केवल एमओयू का विकल्प पत्र नहीं है, बल्कि यह विस्तृत चर्चा के बाद निवेशकों को दिया जाने वाला विश्वास पत्र है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक विकास नीति लागू होने के मात्र 125 दिनों में राज्य को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कुल 31 प्रस्ताव निवेश के लिए प्राप्त हो चुके हैं। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 965 करोड़ 18 लाख रुपए की अनुदान मांगें पारित की गईं। इसमें वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय के लिए 709 करोड़ 87 लाख रुपए तथा श्रम विभाग के लिए 255 करोड़ 31 लाख 9 हजार रुपए शामिल हैं। अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री लखनलाल देवांगन ने सदन में कहा, राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा 1 नवंबर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गयी है। इसका मूल विषय अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन-2047 रखा गया है। नई औद्योगिक नीति में भूमि, भवन एवं बैंक ऋण पर स्टाम्प शुल्क भुगतान से पूर्ण छूट एवं 6 वर्ष से 10 वर्ष तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट का प्रावधान किया गया है। इसमें कई सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए स्व-घोषणा को मान्य किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया और भी सरल हो गई है।

### रोजगार पर फोकस

उन्होंने कहा, पहली बार किसी राज्य ने अपनी नीति को विकास का आधार बनाकर रोजगार प्रदान करने पर जोर दिया है। श्रम-प्रधान उद्योगों को इसके लिए विशेष प्रोत्साहन दिया गया है, जो अधिकतम रोजगार प्रदान करने में सक्षम हैं। विशेषकर, जो इकाइयां 1000 से अधिक रोजगार सृजित करेंगी, उन्हें मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा अनुमोदित अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इकाइयों के द्वारा दिव्यांगजन, सेवानिवृत्त अग्निवीर या आत्मसमर्पित नक्सली को रोजगार दिये जाने पर इस विषय पर विशेष अनुदान प्रदान किया जायेगा।

### 34 औद्योगिक पार्कों की स्थापना

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 34 औद्योगिक क्षेत्रों/पार्कों की स्थापना की जा चुकी है एवं आने वाले समय में 4 नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। राज्य के विभिन्न जिलो में नवीन फूड पार्क, रायपुर जिले में जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क और प्लास्टिक पार्क, नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क एवं जांजगीर-चांपा जिले में स्मार्ट इण्डस्ट्रियल पार्क की स्थापना की जाएगी। औद्योगिक नीति 2024-30 में युवाओं के लिये एक नई योजना छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना का प्रावधान किया गया है, जिसमें ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

### पोलीमेटेड इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड करेगा 1143 करोड़ निवेश

श्री देवांगन ने बताया कि पोलीमेटेड इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने राज्य में 1143 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नवा रायपुर में इसका प्लांट बनने जा रहा है। इसी तरह यस फैन एण्ड एप्लाईन्सेस और रेक बैंक डाटा सेंटर ने भी नवा रायपुर में उद्योग लगाने के लिए जमीन का चयन कर लिया है। अब्रेल ग्रीन एनर्जी ने मुंगेली में सोलर पावर के लिए भूमि का चयन किया है।

**स्वास्थ्य मंत्री के विभागों की बजट अनुदान मांगें मंजूर**

# मेकाहारा को बनाएंगे देश का सबसे अच्छा अस्पताल बिलासपुर में 700 बेड का हॉस्पिटल बनेगा : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि रायपुर के मेकाहारा अस्पताल को देश का सबसे अच्छा अस्पताल बनाया जाएगा। यह अस्पताल केवल रायपुर का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां अस्पताल परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा और नए उपकरण भी लगाए जाएंगे। मंत्री ने यह जानकारी भी दी कि रायपुर की तरह बिलासपुर में 700 बिस्तरों वाला चमचमाता हुआ अस्पताल भी बनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री के विभागों की बजट अनुदान मांगें मंजूर कर ली गई हैं। श्री जायसवाल ने यह बात विधानसभा में अपने विभागों की बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कही। मेकाहारा के संबंध में उन्होंने कहा कि यहां एस्कार्ट के नाम से हार्ट की अस्पताल भी चलता है। यहां बायपास सर्जरी की सुविधा भी है। इसके लिए बजट में दस करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है। इस अस्पताल के लिए पैट मशीन और कैंसर विभाग के लिए 20 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है।

**स्वास्थ्य मंत्री के विभागों की बजट अनुदान मांगें मंजूर**

### हाट बाजार क्लीनिक के लिए 57 नए वाहन



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हाट बाजार क्लीनिक के लिए 57 नए वाहनों की खरीदी की जाएगी। यह इस लिए कर रहे हैं कि अभी भी गाड़ियों की कमी है। कई जगहों पर जांच करने वाली गाडियां पंहुच नहीं पाती है। अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के संबंध में उन्होंने कहा कि व्यापमं के माध्यम से 600 पदों पर भर्ती जल्द की जाएगी। मेडिकल कॉलेजों के लिए 1100 नवीन पदों का सृजन हो रहा है। इस तरह चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रबंध किए जा रहे हैं।

### रोकेंगे घोटाला

स्वास्थ्य मंत्री ने अपने विभाग के रीजेंट घोटाले के संबंध में कहा कि इस तरह के घोटाले को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। दवाओं की खरीदी से संबंधित डाटा एक पोर्टल पर उपलब्ध होगा। किस अस्पताल में कितनी दवा है। किस दवा की कमी है। इन चीजों का डाटा होगा। इस तरह स्वास्थ्य विभाग में रीजेंट की तरह होने वाला घोटाला रोका जाएगा। इस बात का भी हिसाब होगा कि किस मरीज को कौन सी दवा दी गई है।

### 10 विकासखंडों में डायलिसिस मशीनें

श्री जायसवाल ने ये भी बताया कि राज्य में किडनी की बीमारी को देखते हुए 33 में से 28 जिलों में डायलिसिस की व्यवस्था की गई है। इस बार के बजट में 10 और विकासखंड़ों में डायलिसिस की व्यवस्था के लिए प्रावधान किए जा रहे हैं ताकि गांवों के मरीजों को इलाज के लिए शहरों में न आना पडे।

### देश का पहली सरकारी आईवीएफ सेंटर रायपुर में

स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी की सरकारी क्षेत्र में देश का पहला आईवीएफ सेंटर रायपुर के मेकाहारा में खोलने जा रहे हैं। इसी तरह डीकेएस में में लिंग परिवर्तन की व्यवस्था भी है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेजों की ऑटोनामस बॉडी के वित्तीय अधिकार बढ़ाए जा रहे हैं। डीन और एमएस की वित्तीय सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जा रही है।

### आयुष्मान से मुफ्त इलाज

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अब आयुष्मान कार्डधारियों को अस्पतालों में जाकर केवल आयुष्मान कार्ड जमा कराना होगा। इसके बाद उन्हें वहां से पूरा इलाज मिलेगा। किसी भी चाय पीने का खर्च भी नहीं लिया जाएगा। सिकल सेल के संबंध में उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में डेढ़ करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग की जा चुकी है। आने वाले समय में सिकल सेल को समाप्त करेंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग को 9820 करोड़ रुपए के बजट में महतारी वंदन के लिए सबसे अधिक फंड

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि किशोरी बालिकाओं की महवारी स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में सेनेटरी नेपकिन की वेंडिंग मशीन एवं भस्मक मशीन की स्थापना कराये जाने के लिए 13 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है। 'पोषण



अभियान के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में पोषण अभियान के संचालन के लिए राशि 125 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9820 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें पारित की गईं, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 8245 करोड़ रुपए तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 1575 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें शामिल हैं। ने सदन को बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को समाज में आर्थिक रूप से सबल और सशक्त बनाये जाने हेतु विगत वित्तीय वर्ष के मुख्य बजट में 3000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें वृद्धि करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में 5500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना को और अधिक जनहितकारी व हितग्राहीमूलक बनाये जाने के लिए ईकेवायसी के लिए 4 करोड़ 90 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

### स्कूलों और कॉलेजों में स्थापित होगी सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन

किशोरी बालिकाओं की महवारी स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में सेनेटरी नेपकिन की वेंडिंग मशीन एवं भस्मक मशीन की स्थापना कराये जाने हेतु 13 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है। 'पोषण अभियान के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में पोषण अभियान के संचालन हेतु राशि 125 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा, कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल, पोषण व उनके बौद्धिक विकास के लिए पालना केन्द्रों के संचालन के लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए 700 करोड़

उन्होंने कहा, आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित विभागीय भवनों के मरम्मत व विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है, जिसमें स्वयं के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत सुविधा पहुंचाने के लिए राशि रुपये 2 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान शामिल किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुविधाओं का विस्तार व संचालन के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में आंगनबाड़ी सेवायें-सामान्य अन्तर्गत 700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### डिजिटली होगा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का मानदेय भुगतान

उन्होंने कहा, 'पीएमजनमन' योजना अन्तर्गत प्रथम चरण में 80 बसाहटों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित की जा रही है। योजना के लिए बजट में 11 करोड़ 40 लाख रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दिये जाने वाले मानदेय एवं अन्य हितलाभ के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय एवं अन्य भुगतान के लिए "सम्मान सुविधा प्रणाली" का शुभारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से केन्द्रीकृत रूप से डिजिटल प्रणाली का उपयोग कर भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

### 8 हजार कन्याओं के विवाह का रखा लक्ष्य

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित बजट में 8000 कन्याओं के विवाह का लक्ष्य रखते हुए 40 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा संचालित ऋण योजना का लाभ अधिक से अधिक स्व-सहायता समूहों तक पहुंचाने हेतु बजट में छत्तीसगढ़ महिला कोष हेतु 5 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना संचालन के लिए 5 करोड़ 3 हजार का बजट प्रावधान किया गया है। 6 नये जिलों में सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन की स्वीकृति हुई है, जिसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

## राजस्व विभाग के लिए 3890 करोड़ से अधिक की अनुदान मांगें पारित

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3890 करोड़ 67 लाख 95 हजार रुपए की अनुदान मांगें पारित की गईं। इसमें भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन विभाग के लिए 2158 करोड़ 65 लाख 81 हजार रुपए,राजस्व विभाग से संबंधित व्यय के लिए



26 करोड़ 49 लाख 65 हजार रुपए, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय के लिए 1552 करोड़ 69 लाख 39 हजार रुपए और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 152 करोड़ 83 लाख 10 हजार रुपए शामिल हैं। राजस्व मंत्री ने बजट प्रस्ताव पर वर्तमान की उपलब्धियां एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व ऐसा विभाग है जिसमें सर्वस्व समाहित है, अर्थात शासन की अधिकांश योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्व विभाग के माध्यम से ही होता है। राजस्व विभाग आमजनों को त्वरित बेहतर प्रमाणिक भू-अभिलेख दस्तावेज उनकी आवश्यकता पर उन्हें सहज एवं सरल ढंग से उपलब्ध हों सके और इसके लिए विभागीय प्रक्रियाओं, नियमों एवं विभाग द्वारा प्रकाशित अधिनियमों में सुधार एवं उन्नयन की प्रक्रिया को अपना रहें है। उन्होंने कहा, राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड वितरण का कार्य विभाग द्वारा जनवरी को किया जा रहा है। इस योजना में 55 हजार से अधिक प्रापर्टी कार्डस वितरण किया गया।

### 15 साल का भू-भाटक जमा करने पर मिलेगी छूट

राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षण का कार्य क्रमशः पूर्णतः की ओर अग्रसर है। पटवारी नक्शों का जियो रेफ्रेसिंग के माध्यम से सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार सहित अनेक सेवाओं को आमजनता को उपलब्ध करा रहे है। इसी तरह डिजीटल क्राप सर्वे का कार्य राज्य के 26 जिलों के 13 हजार 313 ग्रामों में किया गया है। राजस्व विभाग की आय को समृद्ध करने के लिए वार्षिक भू-भाटक की 15 वर्ष की राशि एक साथ जमा करने पर आगामी 15 वर्षों के लिए भुगतान में छूट दी जा रही है।

### खिलड़ियों को सरकारी नौकरी में 2 प्रतिशत आरक्षण

मंत्री ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग का बजट प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत 50 करोड़ रूपए की राशि प्रावधानित की गई है। सरकार परंपरागत और अन्य खेलों को समान रूप से महत्व देते हुए राष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ स्थानीय खेलों को भी खेल के मानचित्र पर स्थापित किया जा रहा है। पिछले वर्ष बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया था।छत्तीसगढ़ राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी में 2 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट आज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को शाम 6 बजे कैबिनेट की बैठक सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होगी। बताया गया है कि बैठक में विधानसभा सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप को चर्चा के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

### स्पीकर से मिले निगम सभापति, सदन चलाने लिए सुझाव



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह से रायपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. सिंह ने श्री राठौर को सभापति निर्वाचित होने पर बधाई दी और सदन को विधि के अनुरूप बेहतर तरीक से चलाने सुझाव दिये। रमण मंदिर वार्ड के पार्षद और नगर निगम के निर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। श्री साय ने उनके निर्विरोध निर्वाचन पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राजधानी को सुंदर, सुव्यवस्थित और विकसित शहर बनाने का संकल्प लेकर कार्य करने कहा।

### ईडी एक्शन के बाद भूपेश आज दिल्ली जाएंगे

रायपुर। ईडी की रेड के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल हाईकमान से मुलाकात करने बुधवार को दिल्ली जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को दिल्ली रवाना होंगे। दिल्ली एयरपोर्ट से छत्तीसगढ़ भवन जाएंगे, वह वे रात में रुकेंगे। गुरुवार को भूपेश बघेल दिल्ली में रहेंगे। कयास लगाए जा रहे हैं कि जिस तरह से भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पर ईडी ने कार्रवाई की थी, उस मामले को लेकर वह पार्टी हाईकमान को जानकारी दे सकते हैं। ईडी की दिनभर क्या कार्रवाई हुई, उनसे क्या पूछताछ की गई, ईडी उनसे क्या बरामद करके ले गई है, यह जानकारी भी पार्टी हाईकमान को देंगे।

**रायपुर के गांधी मैदान पर धरना प्रदर्शन के बाद फूंका ईडी का पुतला**

# कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, ईडी का पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा की गयी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्र सरकार और ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी की कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। सात साल पुराने झूठे केस को अदालत ने खारिज कर दिया, अब दुर्भावनापूर्वक ईडी को मोहरा बना कर भेजा गया है। ईडी की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर



पहुंचना जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफ दिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी, अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा। मंगलवार को रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।

### केंद्र की भाजपा सरकार बदले की भावना से कर रही काम : गिरीश

रायपुर में ईडी की कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अव्हान पर धरना प्रदर्शन का आयोजन गांधी मैदान पर किया गया। जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष गिरीश दुबे और अन्य पदाधिकारियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, छापे से यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार बदला लेने की मंशा से कार्य कर रही है। अपने आकाओं के कहने पर कांग्रेस के नेताओं को डराने का काम कर रही है। कांग्रेस के नेता इससे डरने वाले नहीं हैं, न्याय की लड़ाई के लिए हर समय संघर्ष करते रहेंगे। इस प्रदर्शन में गिरीश देवांगन, प्रमोद चौबे, सुरेश ठाकुर, मदन तालेड़ा, शिव सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रशांत ठेंगडी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, देव कुमार साहू, दीपा बग्गा, दिनेश ठाकुर, राहुल तिवारी, राजू सोनी, उत्तम साहू, प्रीति सोनी, जयंत साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 5 वार्डों के सफाई ठेकेदारों पर निगम ने लगाया 70 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने से पहले शहर की सफाई व्यवस्था धरातल पर सुधरती नजर नहीं आ रही है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश के बाद भी वार्डो में सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या में नहीं आ रहे। अनुबंधित ठेकेदारों पर स्वास्थ्य विभाग महज जुर्मान लगाने की खानापूर्ति करने जुटा है। सफाई व्यवस्था का हाल ये है कि एक ही दिन में जोन 8 के 5 वार्डों में साफ-सफाई में कोताही और निर्धारित संख्या से कम संख्या में कामगारों की उपस्थिति मिलने पर संबंधित सफाई ठेकेदारों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

- औचक निरीक्षण में सफाई व्यवस्था की खुली पोल
- स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में रैंकिंग दांव पर

नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर एके हालदार के मार्गदर्शन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के अनुबंधित सफाई ठेकेदार राजेन्द्र यादव पर वार्ड में सफाई में कोताही और निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने पर 10 हजार रुपये जुर्माना किया। इसी तरह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के ठेकेदार रजत इंटरप्राइजेस पर 10 हजार रुपये, रामकृष्ण परमहंस वाड के ठेकेदार दानेश्वर सेन्द्रे पर 10 हजार रुपये, शहीद भगतसिंह वार्ड के ठेकेदार ओमप्रकाश झा पर 10 हजार रुपये, संत रविदास वार्ड के अनुबंधित ठेकेदार यूनिवर्सल आटो इलेक्ट्रिकल एंड रिपेयरिंग पर 10 हजार, बीएसयूपी सफाई गैंग के ठेकेदार अनिल गेलारे पर 10 हजार रुपये, कबीर हाउसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड 2 सफाई गैंग ठेकेदार ललित इंटरप्राइजेस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

### कौशल्या देवी साय का जन्मोत्सव एवं होली मिलन समारोह में संगीत, उमंग और उल्लास



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री निवास में विशेष जन्मोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर श्रीमती साय को बधाई दी गई, साथ ही होली की उमंग में रंगों और फूलों के संग हर्ष और उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। श्रीमती साय ने कहा, होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरा रहे यही हमारी संस्कृति का संदेश है। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने मुख्यमंत्री निवास में पारंपरिक तरीके से फूलों की होली खेली। महिला मोर्चा की सदस्यों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से पूरे वातावरण को बरसाना की भव्यता प्रदान कर दी। समारोह के दौरान महिलाओं ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोते हुए संगीत, भक्ति और उत्साह के संग जन्मोत्सव और होली का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में ममता साहू, सुषमा खलखो, शीतल नायक, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी, विभा अवस्थी, माया बेलचंदन, विभा राव, सरला केसरिया, किरण मरकाम, संध्या तिवारी, मिनी पांडे, किरण बघेल, आयुषी पांडे, शीलू साहू, निशा चौबे, कृतिका जैन, प्रदेश एवं जिला स्तर की महिला पदाधिकारी उपस्थित थीं।

**गौरीशंकर अग्रवाल को बनाया संयोजक**

# कोरबा में सभापति चुनाव में हुए घटनाक्रम के लिए भाजपा ने बनाई जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरबा नगर निगम में सभापति के चुनाव में भाजपा के ही अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा के ही पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने चुनाव लड़ा और जीत गए। इसके बाद पार्टी ने उनको पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखाते हुए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसी के साथ पार्टी से अपने मंत्री लखन लाल देवांगन को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया, क्योंकि उन्होंने बागी जीतने वाले प्रत्याशी को बधाई देने का काम किया। अब पार्टी ने कोरबा के मामले में जांच करने के लिए तीन सदस्यों की समिति भी बना दी है। इसका संयोजक गौरीशंकर अग्रवाल को बनाया गया है।



नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और सभी नगर निगमों में जहां भाजपा के महापौर जीते, वहीं सभी में भाजपा को भारी बहुमत भी मिला। ऐसे में यह तय था कि हर नगर निगम में भाजपा के ही सभापति बनेंगे। ऐसा हुआ भी। लेकिन कोरबा नगर निगम में भाजपा ने जिनको अपना प्रत्याशी बनाया उनके खिलाफ भाजपा के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया और नूतन सिंह ठाकुर भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव में खड़े हो गए। नतीजा यह रहा, भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

### एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी समिति

भाजपा ने कोरबा के मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। एक तरफ जहां बागी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, वहीं बागी को बधाई देने पर प्रदेश के मंत्री लखन लाल देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पहली बार पार्टी ने अपने ही मंत्री को नोटिस दिया है। इसी के साथ पहली बार पार्टी ने किसी चुनाव के लिए जांच समिति भी बनाई है। इस समिति में संयोजक गौरीशंकर अग्रवाल के साथ दो सदस्य बस्तर संभाग के प्रभारी रजनीश सिंह और प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रीनिवास मद्दी बनाए गए हैं। जांच समिति कोरबा जाकर वहां पर सभी से बात करेगी और यह जानने का प्रयास करेगी कि आखिर क्यों कर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बगावत हुई और भाजपा के ही पार्षद को बागी होकर चुनाव लड़ना पड़ा। सारे घटनाक्रम की सिलसिलेवार जानकारी एकत्रित करके समिति सात दिनों में पार्टी को सौंपेगी।

कार्यक्रम : विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर 15 तक होंगे जागरुकता कार्यक्रम

# शिविर में 56 मरीजों का किया स्क्रीनिंग नेत्र जांच

ग्लूकोमा से हुए नुकसान की भरपाई संभव नहीं है, नियमित जांच से आंखों की दृष्टि बचाई जा सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के निर्देशन व बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत के मार्गदर्शन मे ब्लॉक स्तरीय विश्व ग्लूकोमा (कांचबिंद) सप्ताह कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग मे जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे ने बताया की यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ मे 9 से 15 मार्च तक मनाया जा रहा है। इस साल का थीम "ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना" है। नेत्र सहायक अधिकारी रमा भारती झा ने बड़ी संख्या मे उपस्थित मरीजों एवं ग्रामीणों को ग्लाकोमा बीमारी के संबंध मे विस्तार से बताया की आंखों के भीतर "एक्वश ह्युमर" नाम का द्रव्य स्त्रवित होते रहता है जो आंखों की आकृति को सामान्य बनाए रखता है, किसी कारण इस द्रव्य के निकलने का रास्ता अवरुद्ध हो जाए तो आंखों का प्रेशर बढ़ जाता है, जिससे पीछे नश व पर्दे दबने से व्यक्ति को हमेशा के लिए दृस्टिहीन बना देता है।

सिर व भौहे के आसपास लगातार दर्द बने रहना, पढ़ने का चश्मा जल्दी-जल्दी बदलना, चांद व बल्ब प्रकाश के चारो ओर इंद्रधनुषी घेरे दिखना, दृष्टि का दायरा कम होना, डार्क एडाप्शन टाइम का बढ़ना आदि इसके लक्षण है। यह समान्यता 40 वर्ष की उम्र के बाद होता है।

ग्लूकोमा से हुए नुकसान की भरपाई संभव नहीं है किन्तु नियमित जांच से आंखों की दृष्टि बचाई जा सकती है। जांच शिविर मे 56 मरीजों का स्क्रीनिंग नेत्र जांच किया गया। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे, नरेश साहू, सविता दीवान, रमा भारती झा, ईश्वर कन्नौजे, अन्नपूर्णा वर्मा, एलएचवी गायत्री गुप्ता, एस. बर्मन, आरएचओ सरोज देवदास, कॉउंसलर चंद्रशेखर राव एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# छटेरा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में किया टीकाकरण



**आरंग।** ग्राम छटेरा में सोमवार को पशुधन विकास विभाग पशु चिकित्सालय आरंग विकासखण्ड द्वारा डॉ. शंकर लाल उइके संयुक्त संचालक रायपुर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर एवं उन्नत पशु प्रदर्शनी मेला का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में 26 पशुपालकों के 105 पशुओं का सामान्य उपचार, टीकाकरण हुआ, साथ ही कृत्रिम गर्भाधान 02, गर्भ परीक्षण 04, बधियाकरण 06 तथा कृमि नाशक दवा पान 29 पशुओं का किया गया। प्रदर्शनी में पशुपालकों ने विभिन्न वर्ग जिसमें गौवंशीय, भैसवंशीय, उन्नत बछडा-बछिया, पाड़ा-पड़िया, बकरी-बकरा, मुर्गी-मुर्गा तथा बत्तख का प्रदर्शन किया। इस दौरान पशुधन विकास विभाग के विशय वि"शिज्ञ डॉक्टरों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी विस्तार से दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टामेश्वरी मुरली साहू अध्यक्ष ज.प. आरंग, अध्यक्षता रविन्द्र रिंकू चंद्राकर उपाध्यक्ष ज.प. आरंग, विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार साहू जनपद सदस्य, माया लोकेश बांधे सरपंच ग्राम छटेरा, "वेता जितेन्द्र चंद्राकर भूतपूर्व सरपंच उपस्थित थे। उनके द्वारा पशु प्रदर्शनी के प्रतिभागी एवं प्रगतिशील पशु पालकों तथा चरवाहों को प्रशस्ती पत्र, श्रीफल, शाल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। शिविर तथा पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों डॉ. विक्रम पाठक, डॉ. जे.पी. घृतलहरे, डॉ. नरोत्तम चंद्राकर, डॉ. नवरतन चौधरी, डॉ. नेहा साहू, डॉ. अरुंजय, हेमंत, राजू, सागर, रंजीत, पुरुशोत्तम, दशरथ, साधराय, पशु सखी इने"वरी ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

# सर्व आस्था मंच की रोजा इफ्तार दावत आज

**रायपुर।** पवित्र रमजान का महीना चल रहा है। मसीहीजनों का भी उपवासकाल चल रहा है। सभी धर्मों व समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन सर्व आस्था मंच की रोजा इफ्तार दावत बुधवार को रखी गई है। यह कार्यक्रम राजभवन के सामने गुरु तेगबहादुर भवन में शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। मंच के पदाधिकारियों ने भाईचारे व सभी धर्मों का आदर करने वाले नागरिकों से इसमें शामिल होने की अपील की है।



## उत्तराखंड समाज की महिलाओं ने खेली होली

**रायपुर।** उत्तराखंड समाज की महिलाओं द्वारा मंगलवार को प्री-होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनी होम्स में दीपा नेगी के घर पर हुआ। इस कार्यक्रम में समाज की सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए होली गीतों पर नृत्य किया।

साथ ही फाग गीत गए। इस कार्यक्रम में समाज की अध्यक्ष किरण तिवारी, सीमा शर्मा, नेहा रावत, प्रभा शर्मा, हेमा त्रिपाठी, ममता लखेड़ा सहित समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

## पेज 13 के शेष

### राजधानी की सड़कों ....

होली त्योहार के मद्देनजर शहर के बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ गई है। इस भीड़ में लोगों की संख्या तो बढ़ी है, साथ ही गाड़ियों की संख्या भी बढ़ी है। इसके कारण शहर की प्रमुख सड़क आमापारा से जयस्तंभ चौक, घड़ी चौक से फाफाडीह, फाफाडीह चौक से रेलवे अंडरब्रिज, पंडरी ओवरब्रिज के नीचे से लेकर पुराना बसस्टैंड चौक तक, लाखेनगर, आमापारा, संतोषीनगर सहित कई मार्ग में अब ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने लगी है। ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने का बड़ा कारण सड़कों तक लग चुकी होली सामग्री की अस्थाई दुकानें हैं। इन दुकानों के कारण गाड़ियों के आवागमन के लिए सड़कें छोटी हो गई हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति बन रही है। इस जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान भी बहुत कम स्थानों पर दिखाई दिए, जिसके कारण जाम में लोग 10 मिनट से लेकर आधे घंटे तक फंसे रहे।

**पंडरी में भी लगा गाड़ियों का लंबा जाम**-पंडरी में भी दोपहर में करीब आधे घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। पंडरी ओवरब्रिज के नीचे से लेकर पुराना बसस्टैंड के पहले तक एक तरफ की सड़क पर गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रही, जिसमें कई गाड़ियां फंसी रहीं। यहां भी जाम लगने की सूचना के बाद ट्रैफिक पुलिस देर से पहुंची और जाम को क्लीयर कराया। इस दौरान यहां भी कई लोग 10 मिनट से लेकर आधे घंटे तक जाम में फंसे रहे।

### अमन जेल से ....

यह गिरोह छत्तीसगढ़ में भी अपने पैर पसारने की तैयारी में था। इसके लिए राजधानी रायपुर में दो स्थानों पर और कोरबा शहर में कारोबारियों के फ्लैट व दफ्तर पर फायरिंग कराई गई थी।

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्रकी प्राप्ति हेतु ::
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
**न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार क्र. 02/2025
प्रो.क्र. 157, पेशी तारीख 07.04.2025

**तुलसी मांजलेकर वगै. -आवेदकगण**
**-बनाम-**
**उपायुक्त (वित्त) नगर पालिक निगम वगै. -अनावेदकगण**

**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**

जो कि आवेदकगण के मृतक पत्नी/माता राधा मांजलेकर के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 07.04.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट**:- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 05.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 05.03.2025 **भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**
मुहर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -09, तहसील व जिला रायपुर**
**//आम सूचना //**

जारी दिनांक 10/03/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश वर्मा पिता श्री स्व. के.सी. वर्मा निवासी विधानसभा रोड, रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम-जोरा, प.ह.न.-66 रा.नि.म. रायपुर 09 तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 10/321 रकबा 0.0740 हे.का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04/02/2025 के परिपालन में दिनांक 27/03/2025 को समय 1.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 66 के ग्राम जोरा स्थित पटवारी कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-09**

**आम सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकारगण टिकेश्वर साहू पिता श्री छबीदास साहू निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, गुलमोहर पार्क लक्ष्मण नगर चिरहुलडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता टोमन लाल पिता श्री मनोहर लाल, जितेन्द्र साहू एवं देवेन्द्र साहू दोनो पिता टोमन लाल साहू निवासी लक्ष्मण नगर कोटा रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की शामिल शरीक भूमि खसरा नंबर 868/1/ख/18 रकबा 0.0120 हे. याने 1300 वर्गफुट स्थित मौजा ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया जा चुका है, केवल विक्रय विलेख के निष्पादन एवं पंजीयन की प्रक्रिया शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 11.03.2025

**कमल नारायण साहू अधिवक्ता**
**पता : रामनगर कर्मा चौक**
**रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 7489369037**

## स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**तिल्दा नेवरा।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमर पैकरा के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें डॉ ज्योति वाधवा स्त्रीरोग विशेषज्ञ मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वस्थ परीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अलग अलग कार्यक्रम खेल आदि करवाया गया एवं पुरुस्कार के साथ साथ प्रमाण पत्र का वितरण बीएमओ मैडम एवं ज्योति मैडम के द्वारा दिया गया ।







संकलनकर्ता : डागेश यादव, हरिभूमि एवं INH न्यूज संवाददाता, चंदखुरी, मो. 9575833192

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड समाज की महिलाओं ने खेली होली



रायपुर। उत्तराखंड समाज की महिलाओं द्वारा मंगलवार को प्री-होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनी होम्स में दीपा नेगी के घर पर हुआ। इस कार्यक्रम में समाज की सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए होली गीतों पर नृत्य किया। साथ ही फाग गीत गए। इस कार्यक्रम में समाज की अध्यक्ष किरण तिवारी, सीमा शर्मा, नेहा रावत, प्रभा शर्मा, हेमा त्रिपाठी, ममता लखेड़ा सहित समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

### सर्व आस्था मंच की रोजा इफ्तार दावत आज

रायपुर। पवित्र रमजान का महीना चल रहा है। मसीहीजनों का भी उपवासकाल चल रहा है। सभी धर्मों व समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन सर्व आस्था मंच की रोजा इफ्तार दावत बुधवार को रखी गई है। यह कार्यक्रम राजभवन के सामने गुरु तेगबहादुर भवन में शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। मंच के पदाधिकारियों ने भाईचारे व सभी धर्मों का आदर करने वाले नागरिकों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

## निधन

### गोबिंदराम नाथानी

रायपुर। वीजीआर रियल एस्टेट के



फाउंडर एवं पार्टनर गोबिंदराम नाथानी (92) का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 मार्च को प्रातः 11 बजे, निवास स्थान बी-1, सिल्वर स्प्रिंग से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी। वह विजय, रंजन और कविता के पिता थे।

### रवि कोचर

रायपुर। कोयंबतूर निवासी रवि कोचर



पिता स्व. जोगराज कोचर (फलोदी) वाले का निधन मंगलवार को कोयंबतूर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को दोप 3:30 बजे कोयंबतूर में होगा। वे कस्तूरचंद (ससुर), महावीरचंद (काकाससुर), प्रकाशचंद, प्रवीण, आनंदराज, गौतम, महेंद्र कमलेश बुरड़ रायपुर थे।

### अशोक शर्मा

रायपुर। अश्वनी नगर निवासी अशोक



शर्मा (59) का 11 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 मार्च को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. पीएल शर्मा के पुत्र, सतीश शर्मा और विकास शर्मा के भाई थे।

### डॉ. वासुदेव राव ब्रह्मभट्ट

रायपुर। इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस-2



रायपुर निवासी डॉ. वासुदेव राव ब्रह्मभट्ट (89) का 10 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे पत्रकार प्रमोद ब्रह्मभट्ट के पिता थे।

### बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। समता कॉलोनी निवासी



बृजमोहन अग्रवाल का 11 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजकुमार, प्रकाश चंद, रमेश कुमार, संतोष कुमार के पिता थे।

# मूल्यांकनकर्ताओं से वापस ली गई उत्तरपुस्तिकाएं, वजह-प्रश्न पर विवाद था, सुलझा नहीं सका रविवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में मंगलवार को अजीबो-गरीब स्थिति निर्मित हो गई। रविवि अध्ययनशाला में केंद्रीय मूल्यांकन के लिए बनाए गए कक्ष में प्राध्यापकों को मूल्यांकन के लिए उत्तरपुस्तिकाएं वितरित कर दी गई थीं। कुछ शिक्षकों ने कॉपियां जांचनी भी प्रारंभ कर दीं। इसके थोड़े ही देर बाद उनसे उत्तरपुस्तिकाएं वापस ले ली गईं। दरअसल ये कॉपियां बीएससी द्वितीय वर्ष की थी। बीसीए द्वितीय वर्ष की गणित विषय की परीक्षा मार्च के प्रथम सप्ताह में आयोजित की गई। इसमें एक सवाल में त्रुटि की शिकायत विद्यार्थियों ने की थी।

अलग खबर

छात्रों के मुताबिक, पांचवें यूनिट के एक सवाल में 2X की जगह ZX अंकित कर दिया गया था। छात्रों ने इसे लेकर आपत्ति जताई थी। रविवि ने इस संदर्भ में कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया है। इसके बगैर ही कॉपियां मूल्यांकन के लिए प्राध्यापकों को दे दी गईं। उत्तरपुस्तिकाएं वितरित होने के कुछ मिनटों में ही जब इसकी जानकारी हुई तो उनसे उत्तरपुस्तिकाएं वापस ली गईं। छात्रों की आपत्ति पर निराकरण के बाद ही इन उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ हो सकेगा।

## मामला बीसीए द्वितीय वर्ष का, विद्यार्थियों ने थोक में की थी शिकायत

### थोक में शिकायतें

ना केवल एक महाविद्यालय बल्कि कई कॉलेजों से इस संदर्भ में शिकायत रविवि को प्राप्त हुई थी। प्रश्नपत्र में हुई त्रुटि के निराकरण के लिए रविवि द्वारा विशेष विशेषज्ञों की कमेटी बनाई जाती है। ये कमेटी ही तय करती है कि छात्रों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति सही है अथवा नहीं। कमेटी की सिफारिश के बाद ही विवि प्रबंधन द्वारा अंतिम निर्णय इस संदर्भ में लिए जाते हैं। गौरतलब है कि रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराए जाने का यह दूसरा साल है। रविवि अध्ययनशाला में ही मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। जहां मंगलवार को प्राध्यापकों को ये उत्तरपुस्तिकाएं बांटी गईं।



### छात्रों ने मांगे बोनस अंक लेकिन प्रावधान नहीं

छात्रों के अनुसार प्रश्नपत्र में त्रुटि होने के कारण गणितीय सवाल का सही हल नहीं निकल सका। छात्रों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए बोनस अंकों की मांग की है। हालांकि रविवि के नियमों में प्रश्नों में त्रुटि होने पर बोनस अंक का प्रावधान नहीं है। त्रुटिपूर्ण सवाल विलोपित कर दिए जाते हैं और शेष प्रश्नों तथा उसके लिए निर्धारित अंकों के आधार पर मूल्यांकन होता है।

## खुले में बिकने वाले पनीर पर विशेष ध्यान, मिठाई नमकीन की भी जांच

# उठाए गए होली पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सैंपल, रिपोर्ट आएगी त्योहार बीतने के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच के लिए खाद्य विभाग की टीम प्रदेशभर में सक्रिय हो गई है। मिठाइयों, नमकीन के साथ खुले खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। विभाग की नजर खुले में बिकने वाले पनीर पर अधिक है। टीम जांच कर सैंपल तो उठा रही है, मगर इनकी रिपोर्ट त्योहार बीतने के बाद आएगी और तब तक कार्रवाई पेंडिंग रहेगी।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम किसी भी त्योहार के नजदीक आने के बाद बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच के लिए सक्रिय होती है। उसके द्वारा बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल तो उठाए जाते हैं और रिपोर्ट आने के बाद संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ संबंधित न्यायालय में मामला पेश किया जाता है। मामले की सुनवाई के बाद जुर्माना अथवा सजा का प्रावधान किया जाता है। दो दिन बाद होली है, जिसे ध्यान में रखते हुए मैदानी अमला बाजार में सक्रिय हो गया है। राजधानी समेत प्रदेशभर से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के अन्य जिलों से सवा सौ सैंपल उठाया है। इन सैंपलों को डाक के माध्यम से राजधानी के लैब में भेजा जाएगा, जिसके बाद जांच की प्रक्रिया पूरी होकर रिपोर्ट तैयार करने के दौरान त्योहार बीत जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक होली आने तक दुकानों की जांच जारी रहेगी। बाजार में बिकने वाले तमाम तरह के खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही और संदेह के आधार पर सैंपल लिया जा रहा है। जांच टीम इस पर पनीर और उससे बनने वाले अन्य खाद्य पदार्थों पर विशेष ध्यान रखे हुए है। इसके अलावा खोवा और दूध से बनी अन्य मिठाइयों को भी संदेह के दायरे में रखा गया है।



### जिले में डेढ़ दर्जन सैंपल

*खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजधानी समेत जिले के डेढ़ दर्जन दुकानों से मिठाइयों के साथ अन्य खाद्य पदार्थों का सैंपल उठाया है। राजनांदगांव की एक डेयरी से 45 किलो और बस्तर में 2 किलो पनीर सीज किया है। दंतेवाड़ा की एक दुकान में खुले में बिक रही जलेबी को नष्ट कराया गया है और प्रदेशभर से पनीर और उससे संबंधित खाद्य पदार्थों के 50 से ज्यादा सैंपल उठाए गए हैं।*

# होली के पहले गुंडे-बदमाशों की क्लास, कान पकड़कर कराई उठक-बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में होली त्योहार शांतिपूर्ण रूप से मने, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने होली के दो दिन पहले गुंडे-बदमाशों को थाने में बुलाकर उनकी क्लास लेना शुरू कर दी है। मंगलवार को शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, चाकूबाज सहित 70 गुंडे-बदमाशों को गंज थाना बुलाकर उनकी क्लास ली गई। इस दौरान सभी बदमाशों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराकर समझाइश दी गई।

**अब तक 470 गुंडे-बदमाशों को दी गई समझाइश-** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होली त्योहार पर शहर में किसी भी प्रकार से हुड़दंग, उत्पात या घटना न घटे, इसके लिए शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों को थाने बुलाकर समझाइश दी जा रही है। इनमें चाकूबाज, हिस्ट्रीशीटर सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में सलिप्त रहे पुराने बदमाशों को थाने बुलाया जा रहा है और उन्हें कड़ाई से समझाइश दी जा रही है। इसके लिए इन बदमाशों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराकर भविष्य में किसी भी तरह का अपराध नहीं करें और अच्छे व्यक्ति की भांति जीवन जीएं और दूसरे को जीने दें, इसकी समझाइश दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि होली के मद्देनजर अब तक 470 से अधिक गुंडे-बदमाशों को शहर में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने समझाइश दी जा चुकी है।

## 36 विप्र महिलाओं को शिखर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की ओर से महिला शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की विभिन्न विधाओं की ख्यातिलब्ध 36 विप्र महिलाओं को शॉल, बुके और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही समारोह में नृत्य, गीत, संगीत ने समां बांधे रखा। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने कहा कि महिलाओं का सम्मान तो हर दिन किया ही जाता है, पर आज का दिन विशेष है। महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों के साथ आफिस, व्यापार, राजनीति सहित कई क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं, वे स्वभाव से मृदुभाषी होती हैं, पर परिस्थितियों के अनुसार वे शौर्य दिखाने में पीछे नहीं हटतीं। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था द्वारा वर्ष में किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सम्मानित महिलाओं के कार्य, उपलब्धियों से अवगत कराया। विशेष अतिथि पार्षद सरिता आकाश दुबे, स्वप्निल मिश्रा, सुमन अशोक पाण्डेय, शताब्दी पाण्डेय एवं अर्पिता पाठक ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित महिलाओं को बधाईयां दीं। सम्मान होने वाली महिलाओं में डॉ. प्रीति उपाध्याय, डॉ. जया बाजपेयी, वंदना तिवारी, प्रीति मिश्रा, मेघा आपटे, डॉ. संयुक्ता तिवारी, डॉ. कोमल पाठक, डॉ. मोनिका शर्मा, शारदा चौबे, राजेंद्र ओझा आदि काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

■ महिलाओं को शॉल, बुके और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

## भैंस जब्त करते ही जमा किया 1.16 लाख का टैक्स, 5 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोनडोंगरी में बकाएदार की डेयरी को सील कर भैंस जब्त करते ही डेयरी संचालक ने नगर निगम को तत्काल 1,16,225 रुपये जमा किया और शेष राशि अदा करने 31 मार्च तक का समय लिया। वहीं जोन 1 के वीर शिवाजी वार्ड में 2 दुकानें सीलबंद करने पर बकायादारों ने तत्काल 1,62,492 रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बाद दुकानों से सीलबंदी हटा ली गई। नगर निगम का राजस्व अमला बकाया करदाताओं से राजस्व वसूली करने इन दिनों जोनवार अभियान चलाकर बड़े बकायादारों पर कड़ाई बरत रहा है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर दस जोन में राजस्व वसूली का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 300 करोड़ के राजस्व वसूली टारगेट को पूरा करने संबंधित जोन के बड़े बकायादारों पर अमला फोकस कर रहा है। नगर निगम जोन 2 के शहीद हेमू कालाणी वार्ड में मंगलवार को बकायादार दुकान संचालक ने 1,18,638 रुपये का बकाया कर भुगतान कर दिया।

■ जोन 8 के राजस्व विभाग ने की कार्रवाई



### गोलबाजार में निगम का छापा, 10 दुकानों से 35 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के मार्गदर्शन में जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर स्वास्थ्य और नगर निवेश विभाग की टीम ने मंगलवार को गोलबाजार की दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 10 दुकानों से करीब 35 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन मिला। इसे जब्त कर संबंधित दुकानदारों को चेतावनी देते हुए 12,900 रुपये जुर्माना किया गया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर ने दुकान संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी भी दी है।



### कृषि विवि में आगजनी

रायपुर। मंगलवार दोपहर कृषि विवि में आगजनी की घटना हो गई। हालांकि यह आग कैंपस में ना लगकर पीछे खेत में लगी। इस कारण जन-धन की कोई हानि नहीं हुई। विवि प्रबंधन के मुताबिक, खेत से फसल काटी जा चुकी थी। खेत में पैरा रह गया था। इसमें ही गर्मी के कारण आग लग गई। फायर ब्रिगेड को बुलाकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

## तेंदुआ शावकों की तस्करी मामले में ईडी की कार्रवाई आरोपी शब्बीर अली की अचल संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेंदुआ के दो शावकों की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किए गए शब्बीर अली की अचल संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की है।

**5 साल पहले हुई थी कार्रवाई-** रायपुर पुलिस ने गरियाबंद के मैनपुर से वर्ष 2019 में तेंदुआ के शावकों के साथ दो आरोपी शब्बीर अली और राकेश निषाद को गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत सिविल लाइंस थाना में एफआईआर कराई गई थी, जिसके आधार पर इस मामले की जांच की जा रही थी। दोनों आरोपियों पर आरोप लगाया गया था कि वे दो तेंदुए के शावकों को बेचने के इरादे से उनकी तस्करी में शामिल थे। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष 1 नवंबर 2019 को आरोप पत्र (संख्या 428/19) दायर किया था। ईडी की जांच में बिक्री के इरादे से तेंदुए के शावकों की अवैध तस्करी में शब्बीर अली की संलिप्तता के बारे में सबूत एकत्र किए गए थे। इन दस्तावेजों के साक्ष्यों के साथ पीएमएलए 2002 की धारा 50 के तहत दर्ज अभियुक्तों के बयानों ने उक्त गतिविधियों में शब्बीर अली और राकेश निषाद को दोषी पाया है। इसके अतिरिक्त जांच से यह भी पता चला कि शब्बीर अली वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 49 का उल्लंघन करते हुए पक्षियों और जानवरों की अनाधिकृत बिक्री और खरीद में भी शामिल रहा है।



**विशेष टीम गठित कर पकड़ा गया था आरोपियों को-** रायपुर पुलिस को गरियाबंद के मैनपुर से तेंदुआ के शावकों को तस्करी कर रायपुर लाए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर ही जिले के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस की विशेष टीम गठित कर नाकेबंदी की गई और इन दोनों को वाहन की जांच में शावकों को बरामद किया था।

## पेज 11 के शेष

### राजधानी की सड़कों ....

होली त्योहार के मद्देनजर शहर के बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ गई है। इस भीड़ में लोगों की संख्या तो बढ़ी है, साथ ही गाड़ियों की संख्या भी बढ़ी है। इसके कारण शहर की प्रमुख सड़क आमापारा से जयस्तंभ चौक, घड़ी चौक से फाफाडीह, फाफाडीह चौक से रेलवे अंडरब्रिज, पंडरी ओवरब्रिज के नीचे से लेकर पुराना बसस्टैंड चौक तक, लाखेनगर, आमापारा, संतोषीनगर सहित कई मार्ग में अब ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने लगी है। ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने का बड़ा कारण सड़कों तक लग चुकी होली सामग्री की अस्थाई दुकानें हैं। इन दुकानों के कारण गाड़ियों के आवागमन के लिए सड़कें छोटी हो गई हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति बन रही है। इस जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान भी बहुत कम स्थानों पर दिखाई दिए, जिसके कारण जाम में लोग 10 मिनट से लेकर आधे घंटे तक फंसे रहे।

**पंडरी में भी लगा गाड़ियों का लंबा जाम**-पंडरी में भी दोपहर में करीब आधे घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। पंडरी ओवरब्रिज के नीचे से लेकर पुराना बसस्टैंड के पहले तक एक तरफ की सड़क पर गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रही, जिसमें कई गाड़ियां फंसी रहीं। यहां भी जाम लगने की सूचना के बाद ट्रैफिक पुलिस देर से पहुंची और जाम को क्लीयर कराया। इस दौरान यहां भी कई लोग 10 मिनट से लेकर आधे घंटे तक जाम में फंसे रहे।

### अमन जेल से ....

यह गिरोह छत्तीसगढ़ में भी अपने पैर पसारने की तैयारी में था। इसके लिए राजधानी रायपुर में दो स्थानों पर और कोरबा शहर में कारोबारियों के फ्लैट व दफ्तर पर फायरिंग कराई गई थी।

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
**न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार क्र. 02/2025
प्रो.क्र. 157, पेशी तारीख 07.04.2025

**तुलसी मांजलेकर वगै.** **-आवेदकगण**

**-बनाम-**

**उपायुक्त (वित्त) नगर पालिक निगम वगै.** **-अनावेदकगण**

**प्रति,**

**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**

जो कि आवेदकगण के मृतक पत्नी/माता राधा मांजलेकर के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 07.04.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 05.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 05.03.2025 **भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

मुहर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -09, तहसील व जिला रायपुर**

**//आम सूचना //**

जारी दिनांक 10/03/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश वर्मा पिता श्री स्व. के.सी. वर्मा निवासी विधानसभा रोड, रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम-जोरा, प.ह.न.-66 रा.नि.म. रायपुर 09 तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 10/321 रकबा 0.0740 हे.का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04/02/2025 के परिपालन में दिनांक 27/03/2025 को समय 1.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 66 के ग्राम जोरा स्थित पटवारी कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक
रायपुर-09**

**आम सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकारगण टिकेश्वर साहू पिता श्री छबीदास साहू निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, गुलमोहर पार्क लक्ष्मण नगर चिरहुलडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता टोमन लाल पिता श्री मनोहर लाल, जितेन्द्र साहू एवं देवेन्द्र साहू दोनो पिता टोमन लाल साहू निवासी लक्ष्मण नगर कोटा रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की शामिल शरीक भूमि खसरा नंबर 868/1/ख/18 रकबा 0.0120 हे. याने 1300 वर्गफुट स्थित मौजा ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया जा चुका है, केवल विक्रय विलेख के निष्पादन एवं पंजीयन की प्रक्रिया शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 11.03.2025

**कमल नारायण साहू अधिवक्ता
पता : रामनगर कर्मा चौक
रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 7489369037**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धरमपुरा में लगा रासेयो का रक्तदान शिविर

**रायपुर।** धरमपुरा में स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में रक्तदान का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 17 यूनिट रक्त आशीर्वाद ब्लड बैंक को दान किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इंजी. ओमप्रकाश सूर्यवंशी ने स्वयं रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों का सर्वेक्षण किया, उनकी समस्याओं को समझा ओर संभावित समाधान बताया।

### राजा तालाब में जलकुंभी से निजात दिलाने की अपील

**रायपुर।** जोन-3 अंतर्गत सबसे बड़ा तालाब राजा तालाब इन दिनों जलकुंभी से पूरी तरह पट चुका है। युवा कांग्रेस उत्तर विधानसभा के कार्यकारी अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में राजा तालाब का दौरा कर जलकुंभी से पटे हुए तालाब और इससे आसपास के सैकड़ों परिवारों को होने वाली परेशानी को जानकर लोगों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने रायपुर नगर निगम के जोन कमिश्नर से मिलकर जलकुंभी के निदान को लेकर कदम उठाने की मांग की है।

### तकनीकी विद्युत कर्मचारी एकता यूनियन के जितेन्द्र अध्यक्ष श्रीकांत महामंत्री बने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ तकनीकी विद्युत कर्मचारी एकता यूनियन के जितेंद्र कुमार मालाकार अध्यक्ष और श्रीकांत ठाकुर महामंत्री बनाए गए है। पिछले दिनों संगठन की वार्षिक साधारण सभा में उनके निर्विरोध निर्वाचन के साथ नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया गया है। इसमें कोषाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास, संयुक्त महामंत्री ताम्रध्वज साहू और कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर को बनाया गया है। बैठक में प्रदेशभर से तकनीकी विद्युत कर्मचारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन योजना की बहाली, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण 283 आईटीआइ योग्यताधारी कर्मचारियों की टीए/टीडी पद पर नियुक्ति और तकनीकी कर्मचारियों को 3फीसदी तकनीकी भत्ता देने सहित कुल 16 मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया। महामंत्री श्रीकांत सिंह ठाकुर ने कहा कि यूनियन अपनी मांगों को प्रबंधन के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत करेगी। यदि आवश्यक हुआ, तो कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए भविष्य में आंदोलन और प्रदर्शन जैसे विधिसम्मत कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी।

# सिफारिश के महीनेभर बाद भी नहीं हटे दागी, विवादों में घिरे अफसर अभी कार्रवाई से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रीएजेंट और उपकरण घोटाले की जांच के दायरे में आने वाले तीन अफसरों को हटाने की कार्रवाई सिफारिश के महीनेभर बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। इस प्रकरण के खुलासे के बाद कई अफसर विवादों में घिरे हुए थे, मगर अस्पतालों में सप्लाई बाधित होने का हवाला देकर तीन को बदलने की सिफारिश हुई थी। प्रदेश के सबसे बड़े घोटाले में अब तक किसी भी प्रशासनिक अफसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत के बाद विभागीय स्तर पर सबसे बड़ा घोटाला हुआ था। इसका खुलासा होने और मामले की जांच ईओडब्लू के पास जाने के बाद स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पताल तक भेजे जाने वाले जरूरी उपकरण, रीएजेंट और अन्य सामान की सप्लाई बाधित हो गई थी। इस व्यवस्था को बनाए रखने का हवाला देकर सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई साहू ने प्रभारी महाप्रबंधक उपकरण कमलकांत पाटनवार, बायो मेडिकल इंजीनियर क्षिरौद्र रौतिया और दीपक कुमार को हटाकर दूसरे अफसरों को उनके स्थान पर पदस्थ करने की सिफारिश की थी। चर्चा इस बात की रही कि ऊपरी स्तर पर इन्हें बदलने की सहमति दी गई थी, क्योंकि तीनों ईओडब्लू की जांच के राडार में थे। इस प्रक्रिया पर महीनेभर से अधिक समय बीत चुका है, मगर अफसरों को हटाने की किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। इन तीनों के अलावा दवा कार्पोरेशन में सेवा देने वाले कुछ और अफसर तथा स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े अधिकारियों की भी इस मामले में संलिप्तता पाई गई थी। इनके खिलाफ जांच का दौर जारी है और ईओडब्लू की टीम ने अब तक किसी दूसरे अधिकारी पर हाथ नहीं डाला है।

## दवा घोटाले के विवादों में कई नाम हटाने तीन के भेजे गए थे नाम

### भुगतान अटका हुआ

सरकारी अस्पतालों में दवाइयों सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास है। डिमांड के आधार पर उसके द्वारा विभिन्न कंपनियों से खरीदी की जाती है। सूत्रों का कहना है कि कई सप्लायर एजेंसियों को लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है। संबंधित एजेंसियां इसके कारण रेट कांट्रेक्ट होने के बाद भी कई तरह की दवाइयों सहित अन्य सामाग्री की सप्लाई करने से हाथ खड़ी कर चुकी हैं।


ईओडब्लू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति

### महाप्रबंधक प्रशासन की नई नियुक्ति

सीजीएमएससी में पिछले दिनों महाप्रबंधक प्रशासन के रूप में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा के रूप में कार्यरत उज्ज्वल पोरवाल को सप्ताहभर पहले प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन में पदस्थ किया गया है। दवा कार्पोरेशन में कई अधिकारियों के बदलाव की चर्चा होती रही है, मगर फाइलें कहीं ना कहीं अटक जाती हैं।

## पुराने डीएमई ऑफिस में तहसील कार्यालय, पुराने एमएलए रेस्ट हाउस पर विचार

# हास्टल निर्माण की धीमी चाल, किराए के महंगे मकान में रहकर छात्र कर रहे एमबीबीएस की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में दूरदराज से आकर एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को रहने के लिए महंगा किराया भी वहन करना पड़ रहा है। कालेज परिसर में सौ-सौ सीटर हास्टल निर्माण की योजना धीमी है, जिसकी वजह से यूजी छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित पुराना डीएमई ऑफिस तहसील कार्यालय में तब्दील हो चुका है, अब हास्टल निर्माण तक अस्थायी आवास के लिए पुराने एमएलए रेस्ट हाउस पर विचार किया जा रहा है। दिक्कतें इसलिए भी ज्यादा हैं, क्योंकि यूजी छात्रों को शिष्यवृति का प्रावधान नहीं है, जिसकी वजह से उन्हें जेब से किराया भरना पड़ रहा है।

■ यूजी छात्रों को नहीं है शिष्यवृति का प्रावधान, जेब से भरना पड़ रहा किराया

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की 230 सीट हैं। इनमें से करीबन डेढ़ सौ छात्र जो दूसरे जिले से



आकर यहां पढ़ाई करते हैं उन्हें हॉस्टल की आवश्यकता होती है। कालेज परिसर में दो पुराने हॉस्टल कंडम हो चुके हैं, जिन्हें तोड़कर नया बनाया जा रहा है। 100-100 सीटर हास्टल निर्माण की गति काफी धीमी है जिसकी वजह से इसमे काफी वक्त लगने की संभावना है। इसकी वजह से मेडिकल कालेज में यूजी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को शहर के विभिन्न इलाकों में मकान के लिए महंगा किराया देना पड़ रहा है। कालेज प्रबंधन हास्टल निर्माण तक इन विद्यार्थियों के अस्थायी इंतजाम करने का प्रयास कर रहा है, मगर इस सफलता नहीं मिल पाई है। पूर्व में पुराने डीएमई कार्यालय को इसके लिए उपयुक्त माना जा रहा था, मगर जरूरतों के हिसाब से यहां तहसील कार्यालय के कामकाज को शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद अन्य स्थानों पर व्यवस्था देखी गई, जहां बात नहीं बन पाई। अब एमएलए रेस्ट हाउस में अस्थायी हास्टल की संभावना तलाशी जा रही है। हॉस्टल का इंतजाम नहीं होने की वजह से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं पर मकान किराए का अतिरिक्त खर्च है, जो उन्हें जेब से भरना पड़ रहा है। इंटर्नशिप से लेकर पीजी की पढ़ाई करने वालों को शिष्यवृति का लाभ मिलता है, मगर एमबीबीएस वालों के लिए यह प्रावधान नहीं है।

### पुराने एमएलए रेस्ट हाउस पर विचार

हास्टल निर्माण पूरा होता तक छात्रों के लिए अस्थायी आवास के लिए पुराने एमएलए रेस्ट का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में आने वाले समय में होने वाली सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। हास्टल के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

\- डॉ. विवेक चौधरी
डीन, रायपुर मेडिकल कालेज

### सीजीडीएफ आया सामने

*आवास समस्या से जूझ रहे एमबीबीएस के विद्यार्थियों की परेशानी चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं अन्य अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन सामने आया है। अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से मेडिकल यूजी के छात्रों की दिक्कतों से अवगत कराया जा रहा है। सीजीडीएफ के मुताबिक रायपुर की तरह सिम्स बिलासपुर और जगदलपुर के छात्र भी हास्टल की समस्या से जूझ रहे हैं। राज्य में नए मेडिकल कालेज खोले जा रहे हैं, मगर वहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।*

### एक जर्जर हास्टल अस्पताल बनेगा

*रायपुर मेडिकल कालेज परिसर में काफी समय से खंडहर के रूप में तब्दील हो चुके एक हास्टल को 700 बेड का अस्पताल बनाने के लिए चिन्हित किया गया है। इस के लिए राशि मंजूर हो चुकी है, मगर अब तक इस जर्जर भवन को ढहाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। पुराने भवन को गिराकर यहां सात मंजिला भवन का निर्माण किया जाना है। इस निर्माण में काफी वक्त लगने की संभावना है, तब तक वर्तमान में संचालित आंबेडकर अस्पताल भवन और पुराना हो जाएगा।*

## रविवि अध्ययनशाला में 400 कंप्यूटर

# इन्हें वायरस अटैक से बचाने 8 लाख खर्च करेगा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने कंप्यूटर को वायरस से बचाने के लिए 7 लाख 59 हजार 731 रुपए खर्च करेगा। इसके लिए रविवि ने प्रस्ताव पारित कर दिया है। विवि अध्ययनशाला में 400 कंप्यूटर हैं। इन कंप्यूटर को साइबर अटैक से बचाने के लिए एंटी वायरस अपलोड किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, प्रशासनिक भवन से लेकर अकादमिक, वित्त व विभिन्न विभागों में प्रयोग होने वाले कंप्यूटर में कई गोपनीय और महत्वपूर्ण जानकारी होती है।

■ उद्यानों के रख-रखाव के लिए उद्यानिकी विभाग को दिए जाएंगे 14 लाख

कंप्यूटर हैक होने की स्थिति में विवि प्रबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही कारण है कि इनकी सुरक्षा के लिए यह राशि खर्च कर जा रही है। यह प्रतिवर्ष होने वाली नियमित प्रक्रिया है। अन्य विभाग सहित वित्त विभाग से प्राप्त कई प्रस्ताव भी रविवि के 95वें कार्यपरिषद के बैठक में रखे गए थे। एंटी वायरस क्रय निर्धारित प्रक्रिया से किया जाएगा।

### फर्जी वेबसाइट की हुई थी शिकायत

रविवि द्वारा कुछ माह पूर्व फर्जी वेबसाइट की शिकायत की गई थी। रविवि के आधिकारिक वेबसाइट में एक अक्षर का फेरबदल कर फर्जी वेबसाइट बनाई गई थी। इस पर विभिन्न कार्यों के लिए आवेदन मंगाते हुए फीस भी मांगे जा रहे थे। रविवि की जानकारी में मामला सामने आने के बाद आधिकारिक वेबसाइट में भी इसे लेकर सूचना जारी की गई थी। शिकायत के बाद उक्त फर्जी वेबसाइट को बंद कर दिया गया था। किसी तरह की बड़ी छात्रों से नहीं हो सकी थी।

### उद्यानिकी विभाग करता है देखरेख

इसके अलावा अन्य कार्यों के लिए भी रविवि द्वारा आर्थिक प्रस्ताव पारित किए गए हैं। रविवि परिसर में स्थित उद्यानों के वार्षिक रख-रखाव के लिए उद्यानिकी विभाग को तीसरे किश्त के रूप में 14 लाख 3 हजार 822 रुपए प्रदान किए जाएंगे। रविवि के उद्यानों की देख-रेख उद्यानिकी विभाग द्वारा की जाती है। इसके लिए रविवि द्वारा एक निश्चित राशि प्रदान की जाती है। रविवि परिसर में स्थित पुस्तकालय में नवीन किताबों के क्रय के लिए 27 लाख 67 हजार 579 रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

*गर्मी बढ़ने का दौर जारी, 21 के बाद रफ्तार ज्यादा*

# गर्मी के मामले में राजधानी ने अन्य शहरों को पछाड़ा, तापमान 37 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



गर्मी के मामले में मंगलवार को राजधानी ने प्रदेश के अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया है। रात के साथ यहां दिन भी सबसे गर्म रहा। दक्षिण से आने वाली हवा के बाद भी अभी गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा और 21 मार्च के बाद पारा गर्म होने की रफ्तार और तेज हो जाएगी। पिछले चौबीस घंटे रायपुर का न्यूनतम तापमान 20.5 और अधिकतम 37.2 डिग्री रहा, जो राज्य में सबसे अधिक था। दक्षिण से आने वाली हवा की वजह से अभी रात का तापमान भी तेजी से बढ़ा है।

माना जा रहा है कि अगले दो दिन प्रदेश का पारा और चढ़ेगा इसके बाद मौसम में ठहराव आने की उम्मीद है, मगर बढ़ती गर्मी से अब राहत मिलने की उम्मीद काफी कम है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले दस दिन तक गर्मी बढ़ने की गति मध्यम रहेगी, मगर इसके बाद तापमान और गर्मी की रफ्तार तेज होगी। राज्य में आने वाली हवा की दिशा पश्चिमी होने के बाद राजस्थान से आने वाली रेतीली गर्म हवा प्रदेश को अगले माह झुलसाएगी। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री अंबिकापुर का दर्ज किया गया है।

# सीएम साय के खिलाफ बोलने से पहले भूपेश को हजार बार सोचना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को प्रदेश के पहले आदिवासी सौम्य और सरल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बारे में कुछ भी बोलने से पहले हजार बार सोचना चाहिए। श्री कश्यप ने कहा, भूपेश हमेशा से आदिवासी विरोधी रहे हैं। उन्हें यह पच ही नहीं रहा है कि कोई आदिवासी भी प्रदेश की कमान संभाल सकता है।

श्री कश्यप ने कहा, मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश ही नहीं, बल्कि समूचे देश के सबसे अनुभवी आदिवासी नेता हैं। उनका अनुभव और राजनीतिक करियर भी भूपेश बघेल से कई गुना बड़ा है। एक बार केंद्रीय मंत्री, दो बार विधायक, तीन बार प्रदेश अध्यक्ष, चार बार सांसद और अब प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में श्री साय के कार्यकाल की देशभर में सराहना हो रही है। श्री कश्यप ने कहा, श्री साय के नेतृत्व में आज नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया। लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी पूरे करने का असर दिखा, समूचे देश में सौम्य सरल लेकिन कड़े निर्णय लेने वाले नेता के रूप में विष्णुदेव साय की पहचान है।

### सौम्या पर बोलकर दिखाएं : संजय श्रीवास्तव



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस को देश के संविधान और कानून पर भरोसा नहीं है। जांच एजेंसियों पर हमला करके कांग्रेस के लोगों ने प्रदर्शित किया कि उन्होंने कुछ गलत किया है, इसीलिए दबाव बनाने के लिए हिंसा तक पर उतारू हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भूपेश बघेल सौम्या चौरसिया के नाम पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं। वो उनकी उपसचिव रहीं, दो साल से जेल में हैं।

### आरोपों का सामना न्यायिक प्रक्रिया से करें

श्री कश्यप ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे घोटालों के आरोपों का सामना न्यायिक प्रक्रिया द्वारा करें। जिस संविधान को बचाने की बड़ी-बड़ी बात कांग्रेस करती है, उसी संविधान के तहत संवैधानिक संस्थाएं जांच कर रही हैं। इसी संविधान ने देश के वंचितों और आदिवासियों को अधिकार दिए हैं, भूपेश बघेल का संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ाना संविधान विरोधी कृत्य भी है। श्री कश्यप ने कहा कि बघेल संविधान का सम्मान करें, संवैधानिक पद्धति से चुनकर आए प्रतिनिधियों का भी अपमान करने का भूपेश बघेल को कोई अधिकार नहीं है। चोरी पकड़ी जाने पर बौखलाहट से काम नहीं चलता है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411




## बिजनेस साइट

### काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** भारत के नं. 1 जीवीटी ब्रांड काजारिया इटरनिटी ने मंगलवार को अपने अत्याधुनिक इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य शुभारंभ किया। यह सेंटर देवपुरी पुराना धमतरी रोड पर स्थित है और ग्राहकों को टाइल्स की नवीनतम एवं प्रीमियम रेंज का अनुभव प्रदान करेगा। इस भव्य उद्घाटन का आयोजन काजारिया इटरनिटी के वाइस-प्रेसिडेंट सेल्स अमित जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और ग्राहक उपस्थित रहे। नया काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर आधुनिक डिजाइनों, उच्च गुणवत्ता और टिकाऊ टाइल्स के अनूठे संगम के साथ ग्राहकों को उनके सपनों का घर और कमर्शियल स्पेस डिजाइन करने में सहायता करेगा। यहां काजारिया इटरनिटी के बेहतरीन और एक्सक्लूसिव संग्रह को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा।



### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय द्वारा 'जलवायु अनुकूलन हेतु बहु-विषयक दृष्टिकोण: सतत विकास में जैविक और भौतिक विज्ञान की भूमिका' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और जैविक एवं भौतिक विज्ञान के योगदान पर चर्चा की गई। सम्मेलन में 379 पंजीकरण हुए, जिनमें 21 शिक्षक सदस्य, 71 शोध छात्र और 287 विद्यार्थी शामिल हुए। श्रेष्ठ शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ मौखिक शोधपत्र प्रस्तुति (शिक्षक श्रेणी) में डॉ. सागर कुमार साहू (भौतिकी), नेहा शर्मा (भौतिकी) और डॉ. वीनेता गर्ग (रसायन विज्ञान) को पुरस्कार मिला, जबकि शोध छात्र श्रेणी में नीतू शर्मा (रसायन विज्ञान), शिवाली तिवारी (सूक्ष्मजीव विज्ञान), और अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



### लाहोटी मित्र मंडल ने मनाई 12वीं वर्षगांठ

**रायपुर।** लाहोटी मित्र मंडल ने अपनी 12वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाई, जिसमें 108 महिलाओं और 51 संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन भव्य 'महिला सद्भावना सम्मान समारोह' के रूप में हुआ। इस समारोह में रायपुर की शिक्षिका कृतिका शर्मा को विशेष रूप से 'सुयश महिला प्रतिभा सम्मान' से सम्मानित किया गया। कृतिका ने अपने स्टार्ट-अप 'केक जंक्शन रायपुर' के जरिए महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महिला सद्भावना सम्मान समारोह के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, मुख्य संरक्षक छबिलाल सोनी और लाहोटी मित्र मंडल के अन्य सक्रिय सदस्य भी उपस्थित रहे। इस मौके पर विभिन्न महिलाओं और संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



### कलिंगा विवि में 'वी स्मृति 2.0' पत्रिका का विमोचन

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आईईईई केयू एसबी और छात्र कल्याण डीन ने सेमिनार हॉल में पत्रिका 'वी स्मृति 2.0' का विमोचन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष और आईसीआईसीआई बैंक के विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर ने बताया कि 'वी स्मृति 2.0' पत्रिका में कुल 118 लेख शामिल हैं, जो तीन देशों और 17 राज्यों की महिलाओं द्वारा लिखे गए हैं। पत्रिका के पांच खंडों में स्वस्थ जीवन, तनाव प्रबंधन, सकारात्मकता, रचनात्मक सोच और अपने लिए समय जैसे विषयों पर लेख हैं। यह पत्रिका महिलाओं के बीच सकारात्मक दृष्टिकोण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक प्रयास है।





हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025
# लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

प्री-होली सेलिब्रेशन में सदाबहार गीतों ...

## लाइव इवेंट

## यूपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर निकाली भर्ती, 27 मार्च तक आवेदन

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अप्लाई करने के इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट https://upsc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2025 है। यूपीएससी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, हिंदी, इतिहास, केमिस्ट्री, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस, इंग्लिश, ज्योग्राफी, फिजिक्स, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र सहित अन्य विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए यह नियुक्ति निकाली गई है। इन पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पहले एक बार नोटिफिकेशन को अच्छी तरह से पढ़ लें और फिर अप्लाई करें, क्योंकि आवेदन पत्र में गड़बड़ी पकड़ में आने पर फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा।

### 55 फीसदी अंकों के साथ होनी चाहिए पीजी डिग्री

इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को संबंधित विषय में 55 फीसदी अंकों के साथ पीजी डिग्री होनी चाहिए। साथ ही, अभ्यर्थियों को संबंधित विषय में नेट एग्जाम पास होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को नोटिफिकेशन की जांच करनी चाहिए। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जनरल वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु 35 साल होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट्स को नियमानुसार एज लिमिट में छूट दी जाएगी।

### इन पदों पर भी निकली भर्ती

*यूपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के अलावा गुड्स इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती निकाली है। इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। वैकेंसी के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट होना चाहिए। अप्लाई करने वाले सामान्य अभ्यर्थियों की आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। इस वैकेंसी से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए आवेदकों को आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना होगा।*

#### शंखनाद कार्यक्रम से श्रीश्री रविशंकर ने लोगों ने जीवन जीने की सिखाई कला, समझाया ध्यान और योग का महत्व

# वस्तु, व्यक्ति और परिस्थिति को स्वीकार करने से मिलती है मानसिक शांति, बच्चों को दबाव में न डालें, उन्हें स्वीकार करें

**आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से मंगलवार को साइंस कॉलेज में शंखनाद कार्यक्रम में श्रीश्री रविशंकर ने लोगों को जीवन जीने नई कला सिखाई। उन्होंने लोगों को खुद से प्रेम करने और ध्यान से शांति की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा, ऐसा बिलकुल भी नहीं लग रहा है कि 8 साल बाद रायपुर आया हूं।**





**रायपुर।** 45 साल पहले जब हम विदेश जाते थे तो योग और ध्यान को लेकर लोग यह समझते थे कि यह केवल भस्म लगाकर एक टांग पर खड़ा होना या गंगा किनारे आसन, यही योग है। योग का मतलब भी कुछ और ही समझा जाता था, अब बदलाव नजर आता है। जीवन में इन चीजों की आवश्यकता होती है, शारीरिक रूप से मजबूत रहना, मानसिक रूप से मजबूत होना, भावना के तौर पर स्थिरता होना चाहिए। हम सब यहां आए हैं, आपके दिल में किसी के प्रति प्रेम तो है न? वह प्रेम अपने माता-पिता के प्रति हो, बच्चों के प्रति हो या देश के प्रति हो। देशभक्ति और ईश्वर भक्ति, दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यदि आप ईश्वर को मानते हैं, लेकिन देश के प्रति भक्ति नहीं रखते तो वह पूर्ण नहीं है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहे।

### महाभारत का युद्ध भी युक्ति से जीता गया

जीवन में शक्ति, भक्ति, युक्ति और मुक्ति ये चार चीजें आवश्यक हैं। यदि युक्ति नहीं है तो आप कुछ भी नहीं कर सकते। महाभारत का युद्ध भी युक्ति से जीता गया था। युक्ति जरूरी है, लेकिन केवल युक्ति से काम नहीं चलेगा, शक्ति की भी आवश्यकता है। मन में मुक्त भाव होना चाहिए, क्योंकि बंधे हुए व्यक्ति में न प्रेम होगा, न बोल होगा। प्रेम और बोल दोनों होने चाहिए और इसके लिए मन का मुक्त होना आवश्यक है। अगर आपके मन में किसी के प्रति द्वेष या नफरत हो गई है या आप किसी से क्रोधित हो गए हैं तो यह स्थिति आपके दिमाग पर हावी हो जाती है। जो व्यक्ति आपको पसंद नहीं करता, वह आपके दिमाग में आने लग जाता है और आप उसे बार-बार सोचते रहते हैं, चाहे आप उसे अवॉइड करने की कोशिश करें।

### जीवन में इन पांच बातों का रखे ध्यान

- पहली - वस्तु, व्यक्ति और परिस्थिति को स्वीकार करने से मन शांत होता है। जब मन शांत होता है तो बुद्धि सही दिशा में कार्य करती है और आप अच्छा काम कर सकते हैं।
- दूसरी - जब हमसे गलती होती है तो हमें यह समझना चाहिए कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है। हम चाहते हैं कि हमारी गलती जानबूझकर न हो, लेकिन यह कभी-कभी हो जाता है।
- तीसरी - यह सोचने की जरूरत नहीं है कि दूसरा व्यक्ति हमारे बारे में क्या सोचता है। ऐसी सोच से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।
- चौथी - वर्तमान में प्रेम का मंत्र है-कोई भी गैर नहीं है, ज्ञान का मंत्र है-कोई भी अलग नहीं है। सभी एक हैं, इस भाव से हमें आगे बढ़ना चाहिए।
- पांचवी - थोड़ी देर अपने लिए समय निकालें। बच्चों को देखें, उनका सरल और निश्छल व्यवहार हमें बहुत कुछ सिखाता है।

### दूसरों की गलतियों के कारण खुद को देते हैं सजा

आज यदि किसी ने कोई गलती की और आप क्रोधित हो गए तो आपके ब्लडप्रेशर में बढ़ोतरी हो सकती है और शरीर में टॉक्सिन बनने लगते हैं। आपके भीतर स्ट्रेस हार्मोन का स्तर भी बढ़ जाता है। कल फिर किसी और ने गलती की और आपने फिर से क्रोध किया तो फिर से वही प्रक्रिया दोहराई जाएगी। इस तरह से हम दूसरों की गलतियों के कारण खुद को सजा देते रहते हैं और अपने स्वास्थ्य को बिगाड़ते रहते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के पांच सिद्धांतों में से एक महत्वपूर्ण सिद्धांत यह है कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा जो यह कहे कि मेरे जीवन में कभी उतार-चढ़ाव नहीं हुए। कोई ऐसा भी नहीं होगा, जो कहे कि मेरे सभी काम हमेशा सही होते हैं। यह दोनों बातें असंभव हैं।

### हमें बच्चों को एक दिशा दिखानी चाहिए

बच्चों को बड़ा करना भी एक कला है और यह भी जीवन जीने की कला है। जैसे घोड़े को चलाने के लिए यदि हम लगाम को बहुत कसकर खींचेंगे तो घोड़ा आगे नहीं बढ़ेगा। अगर हम उसे ढीला छोड़ देंगे तो भी वह नहीं चलेगा। ठीक इसी तरह यदि साज की तार बहुत टाइट होंगे तो आवाज नहीं निकलेगी, और अगर ढीले होंगे तो भी मधुर ध्वनि नहीं आएगी। इस प्रकार जीवन में एक संतुलन की आवश्यकता है तो पहला बिंदु यह है कि हमें बच्चों को एक दिशा दिखानी चाहिए, लेकिन उन्हें अधिक दबाव में नहीं लाना चाहिए। जो जैसा है, हमें उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए।

## सिटी इवेंट

## क्लासिकल संगीत ने मोहा मन पंजाबी-हरियाणवी गीतों पर झूमे




**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के यूफोरिया इंपेटस 2025 वार्षिक उत्सव का रंगारंग आगाज मंगलवार को हुआ। आज कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय परिसर स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में किया जाएगा। इस बार फेस्टिवल की थीम संस्कृति की सिम्फनी, दिलों को जोड़ना है। इंपेटस उत्सव का उद्घाटन चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल ने किया। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने कहा, यह कार्यक्रम परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मिश्रण है। डॉ. अरविंद नेरल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पूरे



दिन छात्रों के चेहरे पर उत्साह और उमंग ने इसे अविस्मरणीय बना दिया। यूफोरिया कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण प्रेम, हंसी और एकता की भावना से भरा हुआ था। इसमें भावपूर्ण संगीत प्रदर्शन, मार्मिक कविता पाठ और नृत्य प्रदर्शन शामिल थे। छात्रों और शिक्षकों दोनों ने इस कार्यक्रम में समान रूप से अपनी भागीदारी निभाई।

### गीत और नृत्य ने बांधा समां

आद्या शर्मा ने ऋतिक रोशन के गाने ऐ मेरे दिल तू गाए जा..., मुस्कान साहू ने महाभारत की थीम सांग पर और विशाखा लिलहरे ने रीमिक्स गीत उई अम्मा... पर सोलो डांस (एकल नृत्य) का प्रदर्शन किया। ट्विन सिस्टर ने क्लासिकल संगीत के रिमिक्स गानों पर युगल नृत्य किया। इसी तरह स्वप्निल सिंह सूरज, साक्षी कन्नौजे, अभिशांक पाल एवं प्रीतिस्मय परिडा ने ड्यूट वेस्टर्न केटेगरी में गीत गाए। समूह नृत्य की दो श्रेणियां थीं, एक भारतीय और दूसरी पश्चिमी (वेस्टर्न)। भारतीय नृत्य में गुजराती नृत्य, पंजाबी नृत्य और हरियाणवी नृत्य शामिल था। फेस्टिवल इंपेटस 2025 यूफोरिया ड्रामा (मेडिसिनिमा), ग्रुप डांस (रिद्मनिया) और म्यूजिकल बैंड परफॉर्मेंस (मेलोडी मिंगल्स) के साथ जारी रहा। नाटक के विषय-पेशेवर दुविधा, साइबर मायाजाल और डॉक्टर के विरुद्ध हिंसा थी।

# क्रिया योग का अर्थ प्राचीन और वैज्ञानिक ध्यान पद्धति

**रायपुर।** जीवन एक सतत सीखने और आत्म-खोज की यात्रा है, इंसान अक्सर अपने सच्चे उद्देश्य को लेकर भ्रमित रहता है। यह कहना है क्रिया योग संस्थान के उपाध्यक्ष आत्मविद्यानंद गिरी का, जिन्होंने संबोधन में कर्मयोग और आध्यात्मिक जीवन के महत्व को समझाने का प्रयास किया। एनआईटी परिसर में 'लिविंग अ पर्पसफुल लाइफ' विषय व्याख्यान का आयोजित किया गया, जिसमें व्याख्याता के रूप में स्वामी आत्मविद्यानंद गिरी उपस्थित रहे।





जिन्होंने जीवन के सार को सरलतापूर्वक समझाते हुए कहा, महान व्यक्ति खुद को एक उच्च उद्देश्य के लिए समर्पित करता है। व्यक्ति अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचाने, क्रिया योग का अर्थ एक प्राचीन और वैज्ञानिक ध्यान पद्धति है, जो सांस और कर्म को आत्मा से जोड़ती है। इस कार्यक्रम में निदेशक डॉ. समीर बाजपेई, डीन डॉ. नितिन जैन, प्रकाश मिश्रा, डॉ. मंजू शुक्ला, सूरज निषाद भी उपस्थित रहे।

### प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों से चर्चा

इस मौके पर डॉ. बाजपेई ने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित कर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करना है, ताकि विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों का विकार हो सके। व्याख्याता ने कहा कि क्रिया योग के कई लाभ हैं। यह न केवल शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से व्यक्ति को सशक्त बनाता है, बल्कि आत्म-जागरूकता को भी गहरा करता है, जिससे मोक्ष प्राप्ति में सहायता मिलती है। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों ने व्याख्याता से जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के प्रति एकाग्रता एवं मानसिक शांति के विषय पर चर्चा की।

वसंतोत्सव के उपलक्ष्य में उपशास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन

# ठुमरी ने मचाई धूम, राग भैरवी ने किया मंत्रमुग्ध



**रायपुर।** सिब्बल फाउंडेशन द्वारा आयोजित वसंतोत्सव के अवसर पर सिब्बल पैलेस सभागृह में एक भव्य उपशास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोलकाता से पधारीं ए-ग्रेड ठुमरी गायिका डॉ. राजेश्वरी दास ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राग काफी में ठुमरी कैसी ये धूम मचाई से हुई, जिसके पश्चात राग माज खमाज में दादरा सैंया रूठ गए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राग सोहनी में बंदिश रंग ना डालो श्याम तथा माज खमाज में दादरा ठाड़े रहियो ओ बांके लाल का सुमधुर गायन हुआ। उन्होंने होरी आज बिरज में होरी रे रसिया प्रस्तुत कर दर्शकों को रससिक्त कर दिया। श्रोताओं की विशेष मांग पर उन्होंने टप्पा का भी गायन किया और अंत में राग भैरवी में प्रसिद्ध दादरा कब आओगे के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

**वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी भी:** गायन में संगतकारों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सारंगी पर खैरागढ़ से शफीक हुसैन खान, गिटार पर कोलकाता से दिव्यज्योति मुखर्जी और तबले पर रायपुर के तालमणि अशोक कुर्मा ने उत्कृष्ट संगति दी। कार्यक्रम के पूर्व में हैप्पी सिंबल ने राग बागेश्री में दो सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कीं। यह कार्यक्रम देर रात तक चला और संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बना।

#### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भव में राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन

# कंप्यूटर और विद्वान पंडितों के रहते भी रिश्ते नहीं हो रहे अच्छे, वास्तु और अंक विज्ञान से जीवन में तरक्की संभव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भव में राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न शहरों जैसे मुंबई, कोलकाता, बीकानेर, उज्जैन, कोरबा, बिलासपुर सहित लगभग 20 शहरों से 50 से ज्यादा विद्वान ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि ज्योतिष, वास्तु और अंक विज्ञान सुव्यवस्थित जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करने के माध्यम हैं, जिन्हें अपनाकर हम अपने जीवन में उत्तरोत्तर तरक्की प्राप्त कर सकते हैं। सम्मेलन ज्योतिष पं. लक्ष्मीकांत शर्मा (देव पंचांग), शिक्षाविद पं. विष्णु प्रसाद शास्त्री व उज्जैन से पं. ईश्वरचंद्र दुबे ने सभागार में उपस्थिति रहे। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल ने कहा कि ऐसे आयोजनों की समाज में अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि विद्वान पंडितों के रहते हुए भी कंप्यूटर या कम जानकारी वाले पंडितों की सलाह से अच्छे रिश्ते नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम 14 वर्षों से वैवाहिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहे हैं, जिसमें 800-1000 बायोडाटा प्रकाशित होते हैं, लेकिन केवल 25-40% ही रिश्ते तय हो पाते हैं।



### ज्योतिष काउंसिल का गठन किया जाए



ज्योतिषियों ने उपस्थितजनों से आग्रह किया कि वे विद्वान पंडितों की सलाह अवश्य लें। साथ ही उन्होंने शासन से यह मांग की कि ज्योतिष कार्य के लिए ज्योतिष काउंसिल का गठन किया जाए, जिसमें पंजीकरण के बाद ही ज्योतिष कार्य की अनुमति दी जाए, ताकि ज्योतिषी द्वारा किए गए निर्णय जनमानस के लिए उपयोगी और सुरक्षित हों। इस पत्र को हस्ताक्षर सहित शासन को सौंपे जाने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम में भारतीय ज्योतिषाचार्य और वास्तु विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान और अनुभव से सभी को मार्गदर्शन दिया। इन विशेषज्ञों का उद्बोधन सुनने से स्थानीय जनसमूह को बहुत लाभ हुआ और कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक माना गया।

### पास्ट लाइफ रिग्रेशन पर चर्चा

कार्यक्रम में मुंबई से आए हितेश भाई गुरुजी ने 10 महाविधाओं पर प्रकाश डाला, जबकि मुंबई की डॉ. हिना बेन जोशी ने पास्ट लाइफ रिग्रेशन पर चर्चा करते हुए पितृदोष को दूर करने के उपाय बताए। इस दौरान मुंबई से डॉ. सुश्री साची केशरी ने टैरो कार्ड और राहु ग्रह के प्रभाव पर विशेष रूप से उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में रायपुर, बिलासपुर और अन्य स्थानों से भी कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। रायपुर से प्रज्ञा त्रिवेदी, बिलासपुर से दिव्यांजलि मिश्रा, डॉ. शिखा त्रिवेदी और प्रमिला मिश्रा, बिलासपुर से राजाराम तिवारी और रायपुर से संतोष मिश्रा (वास्तु विशेषज्ञ) ने भी अपने ज्ञान से कार्यक्रम को समृद्ध किया। इसके अलावा मुंबई से अनिल अग्निहोत्री, रमेश व्यास (बीकानेर), डॉ. सुभद्रा देवी (भिलाई), डॉ. हेमलता तिवारी (रायपुर), डॉ. शची केसरी (मुंबई) और अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने-अपने विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित किया।

समाज लाइव

## सखियों ने खेली फूलों की होली दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



**रायपुर।** ब्राह्मण मित्र सखी मंडल के तत्वावधान में महिला दिवस और होली मिलन समारोह का शानदार आयोजन किया गया। ब्राह्मण मित्र सखी मंडल द्वारा सेक्टर 8 सुनिधि उद्यान में महिला दिवस और होली मिलन समारोह में काफी बड़ी संख्या में ब्राह्मण मित्र महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर फूलों की होली मनाई गई जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस की महिला पेट्रोलिंग कर्मियों के दल ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की और महिलाओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा पर कई महत्वपूर्ण संदेश दिया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक था। मंडल की सदस्याओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सकें। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। इस आयोजन ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया।



होली की उमंग से पहले शहर में शुरू हुआ रंगीन उत्सव

# प्री-होली सेलिब्रेशन में सदाबहार गीतों ने मचाई धूम, मंदिरों में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी

होरी खेले रघुवीरा अवध में, होरी खेले रघुवीरा...रंग बरसे भीगे चुनरवाली..बालम पिचकारी, होली आई रे देखो होली आई...जैसे फिल्मी गीत-संगीत के साथ होली की शाम सजी। इस दौरान छत्तीसगढ़ी फाग गीतों ने भी लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। प्री-होली सेलिब्रेशन में नगाड़ा, डीजे, लाइव म्यूजिक, गेम्स, पारंपरिक व्यंजन और गुलाल के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

**रायपुर।** सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो में आयोजित कार्यक्रम 'रंग सरोवर' थीम पर रखा गया। यह आयोजन एन. माही फिल्म्स, आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट, मां मालती देवी फाउंडेशन और अवलंबन वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ सिने एंड टीवी प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष जैन, पूर्व डीजीपी आईपीएस राजीव श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, अभिनेता डॉ. अजय सहाय के मार्गदर्शन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष भारतीय सिनेमा पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें साल 1965 से 2025 तक के फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस दौरान बढ़-चढ़कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इसमें छत्तीसगढ़ी, फिल्मी और बॉलीवुड फिल्मों के विजेता प्रतिभागियों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच उपहार स्वरूप भेंट किए गए।



### रेलवे स्टेशन पर गुलाल वितरण

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा रेलवे स्टेशन पर गुलाल वितरित किया गया। इस दौरान 3 हजार गुलाल के पैकेट यात्रियों और शहरवासियों को बांटे गए। काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सिंधी समाज द्वारा गुलाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल वितरित किया जा रहा है, जिसके लिए 50 हजार पैकेट तैयार किए गए हैं। इस दौरान सुनील कुकरेजा, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, आकाश बजाज, शिवा अन्ना, कमल सोनवानी आदि उपस्थित रहे।



### सदाबहार गीतों की प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल भवन में आयोजित समारोह में 50 से अधिक प्राइवेट स्कूल के प्रशिक्षक, प्राचार्य और डायरेक्टर की उपस्थिति रही। एक दिवसीय कार्यक्रम में फूलों की होली मनाई गई, जिसकी शुरुआत सदाबहार 19वीं के गीतों के साथ किया गया। उत्साह और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम में ओ मेरी जोहरा जबीं...अरे दीवानों मुझे पहचानो...आदि गीत गुनगुनाए गए। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता और छत्रपति शिवाजी स्कूल, वर्धमान स्कूल, ज्योति पब्लिक स्कूल, नवयुग हायर सेकंडरी स्कूल, शिवम विद्यापीठ सहित अन्य विद्यालयों से सदस्यों की उपस्थिति बनी रही।



### होलिया में उड़े रे गुलाल...

क्वीन रोटरी क्लब द्वारा हर्षोल्लास के साथ 'बरसाना की होली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर राधा-कृष्ण की झांकी भी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान, अरे जा रे हट नटखट ना छू रे मेरा घूंघट...होलिया में उड़े रे गुलाल...हवा में भांग मिलाया...जय-जय शिवशंकर...जैसे सदाबहार होली गीत पर थिरकते दिखे। इस दौरान 80 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति रही, जो पारंपरिक परिधान में नजर आई। क्लब की अध्यक्ष धृति दवे, सचिव मनप्रीत कौर, चेयरपर्सन मोनिका जग्गी, शिखा धनोरिया की उपस्थिति रही।



सिटी लाइव

## माहेश्वरी समाज को न्यूनतम शुल्क पर मिल रही कैंसर रोधी वैक्सीन



**रायपुर।** भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा में वैक्सीन 2025 कैंसर से जंग, जीतेंगे हम लगाने का अभियान शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के महामंत्री अजय काबरा ने किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में राजनांदगांव ऐसा पहला जिला संगठन है, जहां कैंसर की वैक्सीन लगाई गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि बांगड़ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा समाज के लिए वैक्सीन न्यूनतम शुल्क मे दी जा रही है, जिसका लाभ सभी समाजजनों को उठाना चाहिए। वही छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष शशि गट्टानी ने कहा कि महिलाओं को कैंसर की समस्या से निजात पाने के लिए वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपाध्यक्ष विजय राठी, संयुक्त मंत्री दिनेश राठी, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के सचिव नंदकिशोर राठी, संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक, श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी के छत्तीसगढ़ संयोजक नरेंद्र लोहिया, बृजकिशोर सुरजन, पवन डागा, संजय लड्डा, गोविंद मालानी, गगन लड्डा, जिला माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष विनिता डागा, सचिव प्रीति चितलांग्या, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष दीपा बागड़ी उपस्थित थे। गट्टानी ने बताया कि कार्यक्रम में नरेंद्र लोहिया, राजनांदगांव के प्रसिद्ध चिकित्सक नरेंद्र गांधी, जिला सभा अध्यक्ष गोविंद मालानी व उनकी टीम सहित माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष पवन डागा व उनकी टीम, अलका सुरजन, शीला गांधी, सुषमा राठी, माया राठी, सरिता डागा, सीमा डागा का विशेष सहयोग रहा।

## सोलह श्रृंगार में लड़कों ने किया नृत्य शिव तांडव में दिखा सौम्य व रौद्र स्वरूप

मराठी फिल्म जोगवा पर आधारित विशेष नृत्य की प्रस्तुति

**रायपुर।** शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में 'वार्षिक स्नेह सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने न केवल पढ़ाई एवं खेलकूद, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। एक दिवसीय कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक भजन, मनोरंजन और हास्य से भरपूर रहा, जहां एक से बढ़कर एक संगीत, नृत्य और नृत्य नाटिका का मंचन छात्रों द्वारा किया गया।

वार्षिक स्नेह सम्मेलन की शुरुआत शिव भजनों की धुन पर शुरू हुई, जय-जय महाकाल....की गूंज सभागार में सुनने को मिली। न आदि न अंत है उसका, वो सबका न इनका उनका...बोलो हर-हर...आदि अनंत शिव योगी महादेव...के संगीत पर मनमोहक शिव तांडव की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छात्रा ने भगवान शिव के सौम्य, रौद्र, भैरव एवं नटराज रूप को दर्शाने का प्रयास किया। शानदार प्रस्तुति को दर्शक एवं अतिथियों को खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे रहे।





### सुंदरी, भवानी, काली नारी के स्वरूप

नारी स्वयं में पूर्ण है, वह दूसरों का मन मोहने वाली सुंदरी भी है, मां भवानी भी है और दुष्टों का संहार करने वाली मां काली भी...वार्षिकोत्सव के दौरान जोशीले अंदाज में नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान नारी के तीन स्वरूपों को दर्शाया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से 'मराठी फिल्म जोगवा' के प्रमुख किरदार पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी, इस दौरान लड़के भी साड़ी और महिलाओं के श्रृंगार में दिखे।

### मीठे रस से भरियो री राधा रानी लागे...कृष्ण लीला



वार्षिक स्नेह सम्मेलन में राजस्थानी, संबलपुरी, मराठी, गुजराती, ओडिशा, आदिवासी, पंजाबी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उमंग और उत्साह से भरपूर महोत्सव में विद्यार्थियों का भी उत्साह देखते ही बन रहा था, जो मंच पर प्रस्तुति के दौरान अपने स्थानों पर ही झूमते-गाते नजर आए। देर रात तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक संगीत, नृत्य और नृत्य नाटिका की सामूहिक प्रस्तुति की गई है।

### रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन

भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी...भजन से नृत्य नाटिका की शुरुआत की गई। प्रसंग में जन्म, वनवास, माता कौशल्या, राम-रावण युद्ध, रावण संवाद और अंत में प्रभु श्रीराम की आरती एवं राज्याभिषेक हुआ। रामायण थीम पर आधारित नृत्य नाटिका में कुल 11 कलाकारों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसमें आलोक शुक्ला (राम), प्रभाकर मिश्रा ( रावण) और स्वर्णा सोनी (सीता) के किरदार में नजर आईं। राम भजनों की धुन पर दर्शकों का उत्साह भी देखा गया, जिन्होंने जय जय श्रीराम के नारे लगाए।

### शानदार प्रस्तुति देख दर्शक हुए भावुक

बचपन में मां-बाप अपनी जरूरतों को नजरअंदाज कर बच्चों के सपने पूरे करने में लग जाते हैं। इसके विपरीत बच्चे माता-पिता की सेवा करने से बचने के लिए उन्हें वृद्धावस्था में छोड़ देते हैं। वर्तमान समय की परिस्थितियों पर आधारित नाटक ने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। नाटक की शुरुआत दादी-पोती की दोस्ती से शुरू होती हैं, जिसमें बुजुर्ग मां के बेटे ने बेहरमी के साथ उसे वृद्धाश्रम में छोड़ दिया। नाटक में मां का किरदार छात्रा दिव्या बंछोर ने निभाया, जिसकी शानदार प्रस्तुति ने नाटक को वास्तविकता में तब्दील कर दिया। लगभग 5 मिनट के नाटक में 11 किरदार शामिल हुए, जिसका उद्देश्य सामाजिक समस्या और और बच्चों के प्रति पालकों का प्रेमभाव दर्शाना रहा।

## चेट्रीचंड्र पर्व : 27 को पैराशूट शो, निकलेगी भव्य बाइक रैली



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व को लेकर सिंधी समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वरुण अवतार भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव को सिंधुजन हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस वर्ष यह पर्व 30 मार्च को मनाया जाएगा। इसी को देखते हुए जय झूलेलाल महोत्सव समिति रायपुर द्वारा सामाजिक एकता को दर्शाने के उद्देश्य से चेट्रीचंड्र के पहले 27 मार्च को लाखेनगर से भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें संतजनों के साथ-साथ समाज के मुखीगण एवं हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कटोरा तालाब झूलेलाल सरोवर में समाप्त होगी, जहां पर एक अनोखा आयोजन होगा। यहां आरती पूजन एवं पल्लव के बाद आकाशीय ज्योत पैराशूट के रूप में भगवान झूलेलाल को समर्पित की जाएगी। साथ ही रंगारंग कार्यक्रम व भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। समिति के संस्थापक सदस्य प्रशांत राज गावरी एवं आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के इतिहास में यह श्री झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पहला ऐसा अनोखा आयोजन होने जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में ज्योत स्वरूप पैराशूट एक साथ आकाश में छोड़े जाएंगे, इस दिव्य नजारे का हिस्सा बनने को हजारों की संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति के प्रमुख राजकुमार पंजवानी, संतोष सचदेव, योगेश घिंडवानी, राहुल पमनानी, रितेश जेठवानी, अजय जुरियानी आदि सदस्य जुटे हुए हैं।

भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजन

### बाइक रैली रूट

लाखे नगर चौक ,लीली चौक होते हुए बुढ़ापारा से सिविल लाइन आकाशवाणी काली माता मन्दिर चौक होते हुए कटोरा तालाब नेताजी चौक कटोरा तालाब संत कंवर राम चौक होते हुए, न्यू राजेन्द्र नगर झूलेलाल 56 फिट प्रतिमा कैनाल रोड़ होते हुए तेलीबांधा पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत कार्यालय होते हुए झूलेलाल मन्दिर तेलीबांधा, मरीन ड्राइव होते झूलेलाल सरोवर कटोरा तालाब गार्डन में समापन

## श्रीराम मंदिर में आज मनाएंगे होली, गिरिराज और गोपाल मंदिर में 14 को होलिका दहन

मंदिरों में भव्य रूप मनेगी होली, चौक-चौराहों में जलाई जाएगी होलिका

**रायपुर।** होलिका दहन को लेकर शहरवासियों की तैयारी अब अंतिम चरण में है। गुरुवार को होलिका दहन और 14 मार्च को रंग-गुलाल से होली खेली जाएगी। राजधानी के मठ-मंदिरों में इसकी तैयारी शुरू हो गई है। पुरानी बस्ती के दूधाधारी मठ व जैतूसाव मठ, सदर बाजार के गोपाल मंदिर, बूढ़ापारा के गिरिराज मंदिर और महामाया मंदिर में फाग गीतों के साथ 14 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। वहीं वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में 12 मार्च को होली उत्सव मनाया जाएगा। दूसरी ओर गोपाल मंदिर और गिरिराज मंदिर में होली के दिन ही सुबह होलिका दहन किया जाएगा। श्रीराम मंदिर और जैतूसाव मठ में होली उत्सव मनाने के लिए भगवान के श्रीविग्रह को गर्भगृह से बाहर लाया जाएगा। वहां पूरे साल में सिर्फ इसी दिन यह रस्म निभाई जाती है।



### महामाया मंदिर में माता को पहनाएंगे शक्कर की माला

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में होली के दिन मां राजराजेश्वरी का श्रृंगार किया जाएगा। 13 मार्च को रात 11.38 बजे के बाद मंदिर परिसर में होलिका दहन किया जाएगा। अगले दिन मंदिर में प्रतीकात्मक होली खेली जाएगी। इस अवसर पर माता को शक्कर की माला धारण कराई जाती है। बूढ़ापारा के गिरिराज मंदिर में सुबह 6.36 बजे के पहले होलिका दहन होगा।

### उत्सव के ही दिन कर सकते हैं स्पर्श

*वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में होली से दो दिन पहले यानी 12 मार्च को होली उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर रामदरबार के श्रीविग्रह को गर्भगृह के बाहर लाया जाएगा। ऐसा साल सिर्फ एक बार ही किया जाता है। होली उत्सव समिति ने बताया कि उत्सव के ही दिन श्रद्धालु अपने आराध्य को स्पर्श कर सकते हैं और गुलाल लगा सकते हैं। श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की जाएगी।*

### जैतूसाव मठ में गर्भगृह से पालकी में आएंगे भगवान

*पुरानी बस्ती के जैतूसाव मठ में होली के दिन भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के श्रीविग्रह पालकी में रखकर गर्भगृह से बाहर लाए जाएंगे। सालभर में सिर्फ इसी दिन यह परंपरा निभाई जाती है। श्रद्धालु श्रीराम-जानकी को गुलाल लगाएंगे। मठ के पुजारी ने बताया कि सुबह 10 बजे पूजा-आरती के बाद 11.30 बजे से होली खेली जाएगी।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### म्यू थाई खेल एशियन यूथ गेम्स में शामिल

**रायपुर।** ओलंपिक कॉउन्सिल ऑफ एशिया (ओसीए) की ओर से एशियन यूथ गेम्स इस वर्ष 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने जा रहे हैं, जिसमें म्यू थाई खेल को भी शामिल किया गया है।



एशियन यूथ गेम्स में म्यू थाई को शामिल किए जाने पर छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के सरंक्षक किरण सिंह देव (छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष), अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन, उपाध्यक्ष सन्दीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष हरबंश कौर, बस्तर म्यू थाई संघ के अब्दुल मोइम, राजेन्द्र सिंह राजपूत, मकसूदां खान, सुमन राव, रायपुर म्यू थाई संघ से विशाल हियाल, अमन यादव, प्रणीता मेश्राम, बालोद से प्रणव शंकर साहू, मिलन मरैई, दुर्ग से राजा कौशल, मनीष साहू, राजनांदगांव से भोजेन्द्र चंद्राकर, बिलासपुर से आकाश मौर्य, कोरबा से कमलेश देवांगन, धमतरी से अशोक सिन्हा, सोहन चक्रधारी, काँकेर से ओम प्रकाश सेन और दंतेवाड़ा से टिकेश्वरी साहू आदि ने छत्तीसगढ़ के सभी म्यू थाई खिलाड़ियों को बधाई दी है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ के 15 से 18 वर्ष के म्यू थाई खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था म्यू थाई की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए है। इसकी एशिया में मान्यता प्राप्त संस्था एफएएमए है जिसे ओसीए से मान्यता है। एफएएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) हैं और इससे राज्य में मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन (सीएएमटीए) है।

### जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस में कल्पेश व दिव्या एकल में बने चैंपियन



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में 06 से 09 मार्च तक जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) के लिये आयोजित जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस स्पर्धा कल संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दिया कि पुरुष एकल वर्ग में कल्पेश जादवानी (कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस), महिला एकल में दिव्या आमदे (सीएसपीडीसीएल) विजेता बनी तथा लक्की युगल वर्ग में आयुष शर्मा (अचीवर्स एकेडमी) एवं अभिनव शर्मा (डीएलएस एकेडमी) की जोड़ी विजेता बने।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ वेटरंस टेबल टेनिस समिति के चेयरमैन प्रदीप जनवदे थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने किया। मंच पर छत्तीसगढ़ संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे उपस्थित थे। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के अंतिम परिणाम में पुरुष एकल वर्ग में विजेता – कल्पेश जादवानी (कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस), उपविजेता- गिरिराज बागड़ी (बागड़ी इंटरप्राइजेस) 2-0 तृतीय – गजेंद्र चौहान (एस. एकेडमी), चतुर्थ – परिवेश मिश्रा (प्रकाश एग्री फार्म्स), लक्की युगल वर्ग में विजेता – आयुष शर्मा (एचीवर्स एकेडमी) एवं अभिनव शर्मा (बघेल ट्यूटोरियल्स), उपविजेता- गिरिराज बागड़ी (बागड़ी इंटरप्राइजेस) एवं गौरव शर्मा (पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लि.) 2-0 तृतीय – पी.एन.मजुमदार (सेवानिवृत्त बीएसएनएल) एवं रितेश मल्होत्रा (सेकंड चेनल्स हॉलीडे), चतुर्थ- अरविंद कुमार शर्मा (नाकोडा टीएमटी) एवं परिवेश मिश्रा (प्रकाश एग्री फार्म्स),महिला एकल वर्ग में विजेता- दिव्या आमदे (सी.एस.पी.डी.सी. एल.), उपविजेता- डा. स्वाति बांठिया (होम्योपैथी) 2-0 तृतीय- प्रमिला ठाकुर (सेवानिवृत्त न्यू इंडिया इश्योरेंस), चर्तुथ- प्रमिला देवांगन (शिक्षा विभाग) स्पर्धा के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे तथा सहायक निर्णायक भूपेंद्र सिंह राजवंशी, पुलकित यदु थे। इस अवसर पर अरविंद कुमार शर्मा, जी.एल. अग्रवाल, प्रदीप दासगुप्ता, विनय केजरीवाल, मनीषा वाइकर, अजीत बेनर्जी, डॉ मनीष अग्रवाल, अंशुमान शर्मा, दीपक वर्मा एवं अन्य सदस्य, खिलाड़ी उपस्थित थे। यह जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### नुकसानदायक नहीं होते सभी बैक्टीरिया

# अच्छी सेहत के लिए जरूरी हैं हेल्दी बैक्टीरिया पाचन से लेकर हार्ट को हेल्दी रखने में मददगार

बैक्टीरिया और वायरस जैसे रोगजनकों के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में आपने भी जरूर सुना होगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को इससे बचाव के लिए नियमित रूप से प्रयास करते रहना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में कई प्रकार के संक्रामक रोगों के मामलों ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। पर क्या आप जानते हैं कि हर बैक्टीरिया नुकसानदायक नहीं होते?

हम बात कर रहे हैं गट बैक्टीरिया की जिन्हें आंत में मौजूद सूक्ष्मजीव या गट माइक्रोबायोटा भी कहा जाता है, ये लाभदायक बैक्टीरिया होते हैं जो हमारे पाचन तंत्र में रहते हैं। इस प्रकार के बैक्टीरिया मुख्य रूप से बड़ी आंत में पाए जाते हैं और शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

क्या आप जानते हैं कि मानव आंत में करीब 100 ट्रिलियन बैक्टीरिया होते हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार के फायदेमंद और हानिकारक बैक्टीरिया शामिल होते हैं।



### क्या करते हैं ये बैक्टीरिया?

आंतों में मौजूद गट बैक्टीरिया पाचन में तो सहायता करते ही हैं साथ ही इसके कई और भी महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। ये बैक्टीरिया मुख्यरूप से जटिल कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और अन्य पोषक तत्वों को तोड़ने में मदद करते हैं, जिससे शरीर आसानी से पोषण को अवशोषित कर सके। इसके अलावा गट बैक्टीरिया विटामिन बी12, विटामिन के और कुछ अमीनो एसिड का उत्पादन करते हैं, जो शरीर के लिए आवश्यक होते हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं गट बैक्टीरिया शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में भी मदद करते हैं। यही वजह है कि इन बैक्टीरिया को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना भी जरूरी है।

### हेल्दी हार्ट के लिए जरूरी होते हैं ये बैक्टीरिया

गट माइक्रोबायोम हृदय स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। 1,500 लोगों पर किए गए एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि गट माइक्रोबायोम गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने और ट्राइग्लिसराइड्स को कम करने में लाभकारी है, जो हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी माना जाता है।

हालांकि इससे संबंधित कुछ अन्य अध्ययन ये भी कहते हैं कि इन बैक्टीरिया की कुछ अस्वास्थ्यकर प्रजातियां ट्राइमेथिलैमाइन एन-ऑक्साइड का उत्पादन करके हृदय रोगों को बढ़ा सकती हैं। ये एक ऐसा रसायन है जो धमनियों को अवरुद्ध कर सकता है।

हेल्दी गट बैक्टीरिया को कैसे बढ़ाएं?

हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में खान-पान की विशेष भूमिका होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि फाइबर वाली चीजें गट बैक्टीरिया का मुख्य भोजन होता है। शोध बताते हैं कि साबुत अनाज, फल, सब्जियां, बीन्स और नट्स खाने से गट बैक्टीरिया में लाभ मिलता है। प्रोबायोटिक्स वाले आहारों को गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने वाला माना जाता है। दही, छाछ, किमची, कांजी जैसे किण्वित खाद्य पदार्थों में ये पाए जाते हैं।

### इन बातों का रखिए ध्यान

हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ावा देने



और इन्हें क्षति पहुंचने से बचान के लिए अल्ट्रा-प्रोसेस्ड और शुगर युक्त खाद्य पदार्थों से बचें। अध्ययन बताते हैं कि हाई शुगर डाइट हानिकारक बैक्टीरिया को बढ़ावा दे सकती हैं, जिससे पेट की बीमारियां और सूजन हो सकती हैं।

अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनकल न्यूट्रिशियन के विशेषज्ञ बताते हैं कि बार-बार एंटीबायोटिक्स लेने से गट बैक्टीरिया असंतुलित हो सकते हैं। इसलिए केवल डॉक्टर की सलाह पर ही एंटीबायोटिक्स लें हाइड्रेशन गट बैक्टीरिया को संतुलित रखने में मदद करता है और पाचन को बेहतर बनाता है, इसलिए दिनभर में खूब पानी पीते रहना भी जरूरी है।

## मनी प्लांट से जुड़े ये उपाय बदल सकते हैं आपकी किस्मत, जानिए इसके नियम

वास्तु शास्त्र में घर पर मनी प्लांट के पौधे को लगाने और इसको सही दिशा में रखने के कुछ नियम बताए गए हैं। जिसका पालन करने से घर में धन और सौभाग्य की वृद्धि होती है।

समृद्धि और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक मनी प्लांट के पौधे को घर और ऑफिस में उत्तर या दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना शुभ होता है। इस दिशा में मनी प्लांट के पौधे को रखने से धन संबंधी परेशानियां दूर होती हैं और आर्थिक वृद्धि होती है। शास्त्रों में दक्षिण-पूर्व की दिशा धन और समृद्धि के देवता कुबेर को माना जाता है। इस दिशा में मनी प्लांट का पौधा रखने से अचानक लाभ होता है और वित्तीय समस्याओं से जल्द छुटकारा मिलता है।

वास्तु शास्त्र में मनी प्लांट के पौधे से जुड़े कुछ उपायों के बारे में बताया गया है जिसको अपनाने से व्यक्ति के जीवन में सुख और समृद्धि आती है। आइए जानते हैं मनी प्लांट से जुड़े कुछ उपायों के बारे में। जीवन में लगातार आ रही धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए शुक्रवार के दिन मनी प्लांट के पौधे में पानी के साथ दूध की कुछ बूंदे मिलाकर डाले। इससे आर्थिक समृद्धि आएगी। हर गुरुवार के दिन मनी प्लांट में कलावा अर्पित करें।



इस उपाय से धन संबंधी परेशानियों से जल्द से जल्द छुटकारा मिलेगा और लगातार आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। भगवान विष्णु की विशेष कृपा पाने के लिए 21 गुरुवार तक मनी प्लांट के पत्तों पर चना दाल और गुड़ अर्पित करें। इस उपाय से धन में वृद्धि के योग बनते हैं।

## गुजिया के लिए घर में ही बनाएं मावा, इस ट्रिक से पांच मिनट में हो जाएगा तैयार

यदि आप गुजिया बनाने के लिए बाजार वाले मावा का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो हमारी बताई विधि से मावा घर पर ही तैयार करें। दरअसल, आजकल बाजार में मिलावट वाला खोया मिलता है, जो खाने के स्वाद को खराब कर देता है। ऐसे में घर पर मावा बनाने की विधियां आपको जाननी चाहिए ताकि आप भी बिना मिलावट का मावा तैयार करके स्वादिष्ट गुजिया घर पर बना सकें।



**पहली विधि:** यदि आप पारंपरिक विधि से मावा तैयार करना चाहते हैं तो आपको सिर्फ दूध की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए फुल क्रीम एक लीटर दूध ले लें।

**विधि:** पहली विधि से मावा तैयार करने के लिए सबसे पहले एक भारी तले की कढ़ाई या पैन को मीडियम आंच पर गरम करें। अब दूध को इस पैन में डालकर उबाल लें। ध्यान रखें कि दूध को लगातार चलाते रहें, वरना ये पैन में नीचे की तरफ लग जाएगा और इसका स्वाद खराब हो जाएगा। जब दूध उबलने लगे, तो आंच को थोड़ा कम कर दें। धीरे-धीरे दूध गाढ़ा होकर जमने लगेगा। जब दूध पूरी तरह गाढ़ा होकर मावा जैसा दिखने लगे और पैन के किनारों से अलग होने लगे, तो गैस बंद कर दें और ठंडा होने दें। ठंडा होने के बाद इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

**दूसरी विधि:** दूसरी विधि में मावा बनाने के लिए आपको मिल्क पाउडर की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए मिल्क पाउडर – 1 कप, दूध – कप और घी – 2 टेबलस्पून को एक साथ निकाल लें। इन तीनों चीजों की मदद से मावा तैयार करने के लिए सबसे पहले एक पैन को आंच पर रख लें। अब धीमी आंच पर एक नॉन-स्टिक पैन में घी गरम करें। जब पैन गर्म हो जाए तो इसमें दूध डालकर हल्का गर्म करें। दूध के गर्म हो जाने के बाद धीरे-धीरे मिल्क पाउडर डालते जाएं और लगातार मिलाते रहें ताकि गांठ न बनें।



### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे क्रिकेट में जारी शानदार मुकाबले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में 4 मैच खेले गये।

#### जांजगीर-चांपा के विरुद्ध रायपुर ब्लू आगे

ग्रुप ए का पहला चार दिवसीय मैच जांजगीर चांपा एवं रायपुर के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 103.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 340 रन बनाए। रायपुर ब्लू की ओर से अनुराग साहु ने 86 रन तथा ऋषि शर्मा ने 57 रन बनाये। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से लव्यम राजपूत ने 3 विकेट, हर्ष राठौर तथा प्रवीन केंवट ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी में 113.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान ने 97 रन, जानेन्द्र सिदार ने 86 रन तथा प्रवीण केंवट ने 40 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 48 ओवरों में 1 विकेट खोकर 162 रन बना लिए है। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीश सिंह धालीवाल ने नाबाद 67 रन तथा ऋषि शर्मा ने नाबाद 65 रन बनाए। तीसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू 193 रनों से आगे है।

#### बीएसपी के विरुद्ध भिलाई टीम की शानदार जीत

ग्रुप ए का दूसरा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं बीएसपी के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बीएसपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 53.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये। बीएसपी की ओर से ऐश्वर्य मार्या ने सर्वाधिक 58 रन तथा संगीत सोनी ने 37 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से अभ्युदय सिंह ने 3 विकेट, नमन ध्रुव, बिन्नी सैम्युअल तथा शुभम सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 115.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 388 रन बनाये हैं। भिलाई की ओर से आनंद राव ने शानदार 173 रन तथा बिन्नी सैम्युअल ने 50 रनों का योगदान दिया। वहीं बीएसपी की ओर से मनराज सिंह ने 4 विकेट तथा जीवेश भुटे ने 3 विकेट प्राप्त किये। बी.एस.पी. की टीम दूसरी पारी में 35.1 ओवरों में 9 विकेट खोकर 157 रन ही बना पायी। बी.एस.पी. की ओर से वैभव साहु ने सर्वाधिक 69 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से शुभम सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने मैच एक पारी तथा 66 रनों से मैच जीत लिया है।

#### प्लेट कंबाइंड की सरगुजा के विरुद्ध शानदार जीत

ग्रुप बी का पहला चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं सरगुजा के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 42 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से शशांक तिवारी ने सर्वाधिक 44 रन तथा अरीन द्विवेदी ने 39 रन बनाये। वहीं सरगुजा की ओर से रोहित यादव ने 5 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने अपनी पहली पारी में 39.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 98 रन बनाये। सरगुजा की ओर से जीशान रजा ने 37 रनों की पारी खेली। प्लेट कंबाइंड की ओर से सौरभ मजुमदार तथा शशांक तिवारी ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी दूसरी पारी में 78.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 295 रन बनाये हैं। प्लेट कंबाइंड के लिये प्रभात आनंद ने 90 रन तथा अमित यादव 83 रन बनाए। सरगुजा की ओर से सौम्य केशरी ने 4 विकेट प्राप्त किये। 351 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा ने अपनी दूसरी पारी में 79.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 254 रन ही बना पायी। सरगुजा की ओर से हरविंदर सिह ने 82 रन तथा राहुल प्रधान ने 75 रन नाबाद बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से शशांक तिवारी ने 4 विकेट तथा सौरभ मजूमदार ने 3 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड ने मैच 97 रनों से जीत लिया है।















